राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 236
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
बुधवार 09 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 2 — 2023 में एक और मौका दिया तो त्रिपुरा को भारत का नंबर एक राज्य बना देंगे : अमित शाह
पेज 3 — दादरी पुलिस ने हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्या करने वाले तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार
पेज 5 — सोनभद्र : सपा ने पकड़ी स्ट्रांग रूम परिसर में जा रही मतपेटी और मतपत्र लदी गाड़ी, जमकर हंगामा, अधिकारी पहुंचे




सीएसआईआर मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का आयोजन किया विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार), प्रधान मंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष, डॉ जितेंद्र सिंह एक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## ऑपरेशन गंगा : सुमी में फंसे सभी 694 भारतीयों का रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा

### भारतीय दूतावास की बसों से पोल्टावा लाया गया

एजेंसी

नई दिल्ली। यूक्रेन के सुमी शहर में फंसे 694 भारतीय छात्रों को रेस्क्यू कर लिया गया है। ये सभी छात्र भारतीय दूतावास की बसों से पोल्टावा पहुंचे। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने इस बारे में जानकारी दी। खास बात यह रही कि भारतीय मिशन ने सूमी से विदेशी छात्रों को भी रेस्क्यू किया। इसके साथ ही यूक्रेन में भारतीय छात्रों का रेस्क्यू मिशन लगभग पूरा हो गया है।

इससे पहले एक स्पेशल फ्लाइट यूक्रेन से 200 भारतीय छात्रों को रोमानिया के सुसेवा से लेकर दिल्ली पहुंची। आज सुसेवा से एक फ्लाइट और आएगी। यूक्रेन से लौटे एक छात्र ने कहा- जब हम बस में यात्रा कर रहे थे, वहां कोई बम विस्फोट नहीं हुआ। सरकार और दूतावास ने हमारी बहुत मदद की, हम वापस आकर बहुत खुश हैं।



यूक्रेन में फंसे करीब 20 हजार भारतीयों में से करीब 17,400 लोगों को एयरलिफ्ट करके भारत लाया जा चुका है।

यूक्रेन के पड़ोसी देशों से भारतीयों को लाने के मिशन को ऑपरेशन गंगा नाम दिया गया है। इसमें से हंगरी और पोलैंड से एयरलिफ्ट का काम पूरा हो गया है। इंडियन एयरफोर्स ने भी ऑपरेशन गंगा में भाग लिया। एयरफोर्स के सी-17 ग्लोबमास्टर की 10 उड़ानों से 2056 यात्रियों को वापस लाया गया था।इधर, यूक्रेन से पढ़ाई अधूरी छोड़कर जाने वाले छात्रों को हंगरी की यूनिवर्सिटीज ने राहत की पेशकश की है। हंगरी ने भारत, नाइजीरिया और अन्य अफ्रीकी देशों के छात्रों को हंगरी के विश्वविद्यालयों में अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए कहा है।

#### पूरे यूक्रेन में सीजफायर, सूमी में फंसे भारतीय छात्रों का रेसक्यू जारी

पूरे यूक्रेन में सीजफायर के बाद सूमी स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी में फंसे भारतीय छात्रों को निकाला जा रहा है। उनके लिए बसों का प्रबंध किया गया है।

उम्मीद है कि आज सभी को बाहर निकाल लिया जाया जाएगा। बता दें कि यहां करीब 600 भारतीय स्टूडेंट्स फंसे हैं। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा था कि अगर उन्हें कुछ होता है तो इसके लिए भारत सरकार और दूतावास जिम्मेदार होगा।

#### मेडिकल स्टूडेंट्स ने लगाई सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**यूक्रेन से लौटे छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने मांग की है कि उन्हें भारत में कोर्स पूरा करने की अनुमति दी जाए। याचिका पार्थवी आहूजा और प्राप्ति सिंह ने लगाई है। उनका तर्क है कि मौजूदा हालातों के बीच उनकी पढ़ाई पर संशय के बादल मंडरा रहे हैं, ऐसे में उनकी समस्या का समाधान भारत के एजुकेशन सिस्टम के अनुसार मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने की अनुमति देकर किया जा सकता है।**

#### गोली लगने से घायल हरजोत सिंह भी दिल्ली लौटे

यूक्रेन की राजधानी कीव में गोली लगने से हुए घायल भारतीय छात्र हरजोत सिंह मंगलवार को दिल्ली पहुंचे। उन्हें सड़क मार्ग पर 700 किलोमीटर का सफर तय कराकर यूक्रेन का बॉर्डर पार कराया गया था। भागदौड़ के बीच उनका पासपोर्ट भी खो गया था।

## दिल्ली सरकार हर बच्चे को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध : सिसोदिया

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के हर बच्चे को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने स्कूलों में शिक्षा संबंधी नए, अनूठे और बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है।

सिसोदिया ने मंगलवार को राजेन्द्र नगर स्थित राणा प्रताप सर्वोदय विद्यालय में आज मोंटेसरी लैब का उद्घाटन करने के बाद कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूल में बना ये मोंटेसरी लैब और यहां मौजूद सुविधाएं देश के किसी दूसरे स्कूल में नहीं होंगी। यह स्कूल पेरेंट्स को कॉन्फिडेंस देगा कि यहां शानदार पढ़ाई होती है और वे ये ज़रूर सोचेंगे की उनके बच्चे भी इस स्कूल में पढ़ें। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार मोंटेसरी लैब का ये शानदार मॉडल पूरी दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अपनाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली के सरकारी स्कूलों में हर तबके को चाहे वो अमीर हो या गरीब विश्व के किसी विकसित देश जैसी शानदार शिक्षा सुविधाएं मिल रही है।

## देश में सक्रिय मामले 50 हजार के नीचे

### पिछले 24 घंटों में 3,993 नए मरीज मिले हैं, वहीं 8055 लोगों ने महामारी को मात दी



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के नये मामलों में लगातार गिरावट से सक्रिय मामले घटकर 50 हजार से नीचे आ गये हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 3,993 नए मरीज मिले हैं, वहीं 8055 लोगों ने महामारी को मात दी। वहीं 8,055 लोगों के स्वस्थ होने से इस महामारी से मुक्त होने वालों की संख्या बढ़कर 4,24,06,150 तक हो गयी है। इसी अवधि में सक्रिय मामलों की संख्या 4,170 घटकर 49,948 रह गई है। इसी अवधि में 108 और लोगों की जान जाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,15,210 तक पहुंच गया है।

देश में कोरोना मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत, रिवकरी दर 98.68 फीसदी और सक्रमण दर 0.12 फीसदी बनी हुई है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 1,284 की कमी आने के बाद इनकी संख्या घटकर 13,684 रह गयी। वहीं, 2,424 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 64,33,365 हो गयी है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 66,263 हो गया है।

महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 236 घटकर 7,475 रह गये हैं। इस दौरान राज्य में 461 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 77,17,823 हो गयी। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 143740 पर स्थिर है।

तमिलनाडु में इस दौरान सक्रिय मामले 356 घटकर 2,414 रह गये है। वहीं 512 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या 3410740 हो गयी है, जबकि दो मरीजों की मौत होने के बाद मृतकों का आंकड़ा 38,017 हो गया है।

कर्नाटक में सक्रिय मामलों की संख्या 199 घटकर 3087 रह गयी है। इस दौरान 349 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 38,99,647 हो गयी है। वहीं राज्य में पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 39,996 पर पहुंच गया है।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में सक्रिय मामले 315 घटकर 4,209 रह गये हैं और कोरोना मुक्त होने वालों की कुल संख्या 2,13,800 हो गयी है, जबकि मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 664 हो गया।राजस्थान में कोरोना सक्रिय मामले 106 घटने से 2,645 रह गये हैं। वहीं कोरोना मुक्त होने वालों की संख्या 12,69,270 हो गयी है तथा मृतकों का आंकड़ा 9,545 है।

उत्तर प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामले 63 घटकर 2,070 रह गये हैं और संक्रमण से निजात पाने वालों की कुल संख्या 20,43,712 हो गयी है।

#### कोविड टीकाकरण 179.31 करोड़ से अधिक




**नयी दिल्ली।** देश में कोविड टीकाकरण अभियान के 417वें दिन मंगलवार को 16 लाख से अधिक कोविड टीके लगाये गये। इसके साथ ही कोविड टीकाकरण 179.31 करोड़ से अधिक हो गया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देर शाम यहां बताया कि देश में कोविड टीकाकरण अभियान के तहत आज शाम सात बजे तक 179 करोड 31 लाख 52 हजार 374 कोविड टीके लगाये जा चुके है। आज 16 लाख 59 हजार 691 कोविड टीके दिये गये। आंकड़ों के अनुसार अतिरिक्त खुराक के पात्र व्यक्तियों को दो करोड़ आठ लाख 51 हजार 175 कोविड टीके लगाये गये हैं। आंकड़ों में बताया गया है कि 96 करोड़ 62 लाख 16 हजार 758 लोगों को कोविड टीके की पहली खुराक दी गयी है, जबकि 80 करोड़ 60 लाख 84 हजार 441 को दूसरी खुराक भी दी जा चुकी है। मंत्रालय ने कहा है कि टीकाकरण देर शाम तक जारी रहा, इसलिए अंतिम संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। मंत्रालय के अनुसार टीकाकरण की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है और उच्चतम स्तर पर निगरानी की जाती है।

## महिलाओं को सुरक्षा के साथ आगे बढ़ने के लिए समान अवसर दे रही सरकार : केजरीवाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली महिला आयोग की तरफ से आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया और कहा कि हमारी सरकार दिल्ली में महिलाओं को सुरक्षा देने के साथ ही उन्हें आगे बढ़ने के लिए समान अवसर दे रही है। दिल्ली महिला आयोग ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वार्षिक पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह के मुख्य अतिथि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कनाडा के हाई कमिश्नर कैमरान मैके, दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत, मंत्री गोपाल राय, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

केजरीवाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा, "आप लोगों ने इतना अच्छा और बहादुरी वाला काम समाज व देश के लिए किया, जिस पर हम सभी लोगों को बहुत गर्व है। आप लोगों से मिलकर हम सबको बहुत ऊर्जा मिली है, जिसे हम बयां नहीं कर सकते हैं।"



दिल्ली महिला आयोग को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली महिला आयोग को अपने आप को बहुत ही जीवंत बनाया है। हमारी सरकार बनने से पहले जो दिल्ली महिला आयोग था, उसने 8-9 साल में एक केस सुना था, जबकि मौजूदा दिल्ली महिला आयोग ने पांच साल में सवा लाख केस सुना है। पहले की सरकारों में किसी आयोग का चेयरमैन राजनीतिक स्तर पर बना दिए जाते थे। हम लोगों ने अपने सिस्टम में सबसे बेहतर स्वाति मालीवाल को दिल्ली महिला आयोग का चेयरमैन बनाया।

## विस चुनाव मतगणना: सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी, वीवीपैट पर बाद में सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को चुनाव आयोग की दलीलें सुनने के बाद पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना 10 मार्च को निर्धारित समय पर करने को हरी झंडी दिखा दी।

मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमन की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने आज इससे पहले वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा के विशेष उल्लेख के दौरान राकेश कुमार की याचिका को बुधवार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश देते हुए सुनवाई के समय चुनाव आयोग को उपस्थित रहने का निर्देश दिया था।

चुनाव आयोग की ओर से हालांकि वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह द्वारा किए गए उल्लेख पर पीठ ने मंगलवार को ही मामले की सुनवाई की और कहा कि याचिका वोटों की गिनती के अंतिम समय में दायर किए जाने के कारण बुधवार को सुनवाई नहीं की जा सकती। वोटों की गिनती निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तय समय पर होगी। सिंह ने अपनी ओर से पीठ के समक्ष कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के मतदान के बाद 10 मार्च को मतगणना के लिए संबंधित अधिकारियों को अदालती आदेश के मद्देनजर प्रशिक्षण दिया गया है। अधिकारियों को वीवीपैट की मतदान पर्चियों के सत्यापन के संबंध में उच्चतम न्यायालय के 2019 के फैसले का पालन करने के लिए पहले ही आवश्यक जानकारी दे दी गई है। पीठ ने चुनाव आयोग एवं याचिकाकर्ता की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं, स्थापित प्रथा, प्रक्रियाओं और कानून के अनुसार मतगणना जारी रखें।



### कांग्रेस का महिला मार्च : बड़ी संख्या में उमड़ा महिलाओं का हुजूम

## हमें कोई रोक नहीं सकता : प्रियंका गांधी

एजेंसी

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को कांग्रेस की ओर से आयोजित महिला मार्च में हजारों की तादाद में महिलाएं और लड़कियां शामिल हुईं। गोमती नगर के 1090 चौराहा से शुरू हुए मार्च से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने महिलाओं में जोश भरते हुए कहा लड़की हूँ लड़ सकती हूँ और कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा सिर्फ चुनाव के लिए नहीं दिया गया है बल्कि यह एक आंदोलन है महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए।

पार्टी की ओर से विधानसभा चुनाव में जिन महिला उम्मीदवारों को प्रत्याशी बनाया गया था उनके साथ प्रियंका गांधी ने 1090 चौराहा से सिकंदर बाग चौराहा के लिए पैदल मार्च शुरू किया। करीब 40 मिनट पैदल चलकर वह सिकंदर बाग चौराहा पहुंची और वहां पर लगी उदा देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महिला मार्च को लेकर गोमती नगर के 1090 चौराहे पर सुबह से ही बड़ी संख्या में लड़कियों और महिलाओं की भारी भीड़ लगने लगी। 1090 चैराहा के अलावा पूरे रूट को मेले की तरह गुब्बारों और झंडों से सजाया गया था। मार्च में आई महिलाओं के लिए विशेष प्रकार के गुलाबी रंग के झोले भी बनाए गए थे उनको उन्हें बांटा गया था।

#### स्कूटी मोबाइल के लिए खूब भरा गया फार्म...

मार्च में आने वाली महिलाओं को स्कूटी और स्मार्ट फोन उपहार में देने के लिए मौके पर पंजीकरण भी कराया जा रहा था जिसमें बड़ी तादाद में गांव की बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल हुईं। पार्टी की तरफ से पंजीकरण को लेकर स्टाल तो लगाया गया था मगर उन महिलाओं के लिए कोई व्यवस्था नही थी जो लिख नही सकती थीं।



मार्च में शामिल होने के लिए बड़ी तादाद में महिलाएं आई थी। जिनको करीब 2 घंटे तक इंतजार भी करना पड़ा क्योंकि प्रियंका गांधी को 12 बजे आना था और वह करीब 2 बजे आईं। ऐसे में 2 घंटे से धूप में खड़ी महिलाएं थक गईं।

जैसे ही मार्च शुरू हुआ पीछे की कुछ महिलाओं ने कट आउट जमीन पर फेंक दिए। भीड़ के चलते काफी संख्या में महिलाएं पीछे ही रह गईं। वही मार्च शुरू होने के बाद भी बाहर से आने वाली महिलाओं का सिलसिला जारी रहा।

## नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा में आगे रखने के प्रयास : मोदी



(एजेंसी)।

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को सलाम करते हुए कहा कि देश की नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा में सबसे आगे रखने के लिए विभिन्न प्रयास किये गये हैं।

मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, "महिला दिवस पर मैं देश की नारी शक्ति और विविध क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों को सलाम करता हूं। भारत की सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के जरिए गरिमा और अवसर पर जोर देते हुए महिला सशक्तीकरण पर ध्यान देती रहेगी।" उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सरकार के प्रयास और भी अधिक जोश के साथ जारी रहेंगे।

उन्होने आगे कहा, "वित्तीय समावेश से लेकर सामाजिक सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा से लेकर आवास, शिक्षा से लेकर उद्यमिता तक हमारी नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा में सबसे आगे रखने के लिए विभिन्न प्रयास किए गए हैं।

ये प्रयास आने वाले समय में और भी अधिक उत्साह के साथ जारी रहेंगे।"

#### कोविंद ने 28 हस्तियों को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 28 महिलाओं को वर्ष 2020 और वर्ष 2021 के नारी शक्ति पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में इन हस्तियों को ये पुरस्कार प्रदान किए गए। इन हस्तियों में त्रिपुरा की डॉक्टर इला लोध भी शामिल हैं जिन्हें मरणोपरांत इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## शार्ट न्यूज

### यूपी समेत 5 राज्यों के रिजल्ट से पहले सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के खिलाफ याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मतगणना से पहले हर निर्वाचन क्षेत्र में पांच से अधिक मतदान केंद्रों पर वीवीपीएटी पेपर पर्चियों का अनिवार्य सत्यापन करने के लिए चुनाव आयोग के खिलाफ आदेश देने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। उत्तर प्रदेश के एक सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार द्वारा दायर याचिका को भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था क्योंकि मतगणना केवल 48 घंटे दूर थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने अदालत को बताया कि याचिका एन चंद्रबाबू नायडू बनाम भारत संघ में 2019 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने की मांग कर रही थी, जहां कोर्ट ने चुनाव आयोग को पांच बेतरतीब (रैंडम) ढंग से चुने गए मतदान केंद्रों में वीवीपीएटी पेपर पर्चियों का अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। हालांकि अदालत ने याचिकाकर्ता को याचिका की एक प्रति चुनाव आयोग को देने की अनुमति दी और मामले को बुधवार को सुनवाई के लिए तय किया। वहीं लंच के भोजन के बाद, चुनाव आयोग अदालत के सामने पेश हुआ और कहा कि वह 2019 के फैसले का पालन कर रहा है और अब कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है। मतगणना के लिए पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में चुनाव दल पहले ही भेजे जा चुके हैं।

### श्रीनगर ग्रेनेड हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर के एक व्यस्त बाजार में कथित तौर पर हथगोला फेंकने के आरोप में मंगलवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार को हुए इस हमले में एक छात्रा सहित दो नागरिकों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए थे। दोनों आरोपियों की पहचान खानयार के कुलीपोरा निवासी मोहम्मद बारिक और फाजिल नबी के रूप में हुई है। इस ग्रेनेड हमले में इस्तेमाल हुए दोपहिया वाहन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। विस्फोट के तुरंत बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्रीनगर राकेश बलवाल ने मामले की जांच के लिए दक्षिण शहर के एसपी लक्ष्य शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया। एसआईटी ने जांच के आधुनिक साधनों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरापियों का पता लगाया। कुछ चश्मदीदों से पूछताछ के बाद एसआईटी दोनों आरोपियों की पहचान करने में सफल रही। पुलिस ने कहा,दोनों आरोपी बिना नंबर प्लेट वाले दोपहिया वाहन पर इस अपराध को अंजाम देने आए और वारदात को अंजाम देकर उसी वाहन पर सवार होकर फरार हो गए। श्रीनगर शहर में सीसीटीवी की कड़ी पड़ताल के बाद पता चला कि दोनों आरोपी खानयार की तरफ भागे हैं। इसके बाद खानयार से बारिक को और उससे पूछताछ के आधार पर फाजिल को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मां- बेटे ने की आठ साल के बच्चे की हत्या

श्रीनगर। श्रीनगर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को एक मां-बेटे ने आठ साल के बच्चे की कथित तौर पर हत्या कर दी। मृतक बच्चे का शव पास के जंगल से मिला है। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान मंजूर अहमद खान के बेटे तालिब हुसैन के रूप में हुई है, जो 15 फरवरी को उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के अपने गांव अवूरा से लापता हो गया था। पुलिस ने कहा कि 15 फरवरी से, हम मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रहे थे और आर्द्रभूमि, जंगल और अन्य स्थानों की तलाशी ली थी। इसके अलावा हम सुराग ढूंढने के लिए कुत्तों और ड्रोन का भी उपयोग कर रहे थे। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आमिर खान और उसकी मां ने आठ वर्षीय तालिब के अपहरण और हत्या की साजिश रची थी। पुलिस के मुताबिक पीड़ित परिवार से निजी रंजिश के चलते आमिर खान और उसकी मां ने तालिब की हत्या की और उसे जिले के अवोरा जंगल में दफना दिया। बच्चे का शव मंगलवार सुबह पास के वन क्षेत्र से बरामद किया गया। फिलहाल दोनों आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### जम्मू की महिला जवानों की आतंकवादियों को मात देने में अहम भूमिका : डीजीपी

जम्मू। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने मंगलवार को कहा कि सभी रैंक की महिला पुलिस अधिकारियों ने केन्द्र शासित प्रदेश में आतंकवादी को मात देने में अपनी बखूबी भूमिका निभाई। श्री सिंह ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पत्रकारों से कहा कि पुरुष एवं महिला अधिकारियों के साथ 90 दशक की शुरुआत में विशेष अभियान समूह (एसओजी) का गठन किया गया था , जिसमें शामिल जवानों ने आतंकवादियों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी और बाद में यहां के हालातों में व्यापक बदलाव आया था। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि इस दौरान कई उतार-चढ़ाव आए लेकिन वर्तमान में महिला जवानों और बटालियन अधिकारियों ने आतंकवादी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इसके अलावा वह विभागीय कार्यों में भी अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा , चाहे वह खुफिया शाखा, यातायात विभाग, अपराध शाखा या कार्यकारी शाखा हो, हमारी महिला अधिकारी हमेशा जम्मू-कश्मीर पुलिस विभाग के सभी विभागों में लगी हुई हैं और हर बार हमें गौरवान्वित किया हैं।

### पतंजलि की छात्राओं ने मनाया महिला दिवस

देहरादून/हरिद्वार। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मंगलवार को उत्तराखण्ड के हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय में समारोह "सशक्त नारी सशक्त राष्ट्र, यत् नार्यस्तु पूज्यंते रमते तत् देवता:" विषय पर रोचक अंदाज से छात्राओं ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। छात्राओं ने नाट्यों के माध्यम से, समाज मे बढ़ रही दुराचार की घटनाओं का चित्रण किया। इस प्रस्तुति में बताया गया कि आज की नारी जब घर से बाहर निकलती है तो समाज में फैले कई भेड़िये उन्हें बुरी नजर से तो देखने के साथ, मासूम लड़कियों पर ऐसिड फेंक कर उनकी हंसती-खेलती जिंदगी को बर्बाद कर देते है। जिस कारण से वह शारीरिक और मानसिक तनाव का शिकार बन जाती है। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. महावीर अग्रवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरा विश्व मना रहा है। रूस और यूक्रेन काफी शक्तिशाली है। उसके बावजूद दोनों देशों के बीच युद्ध में यूक्रेन के लोग रूस का डट कर मुकाबला कर रहे हैं। उनका राष्ट्र प्रेम है। जिस कारण आज यूक्रेन की महिलाओं ने अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए हथियारों को उठा लिया है और उन्होंने संकल्प लिया है कि वह मरते दम तक राष्ट्र की रक्षा के लिए लडते रहेगें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के आगे सिर नहीं झुकाया था और अपने जीवन की आखरी सांस तक वह लडीं, यही जज्बा आज की हमारी महिलाओं में विकसित हो रहा है, जो किसी भी राष्ट्र के लिए शौर्य का विषय है। समारोह में डॉ बीना अग्रवाल को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया जहाँ पर उन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं का धन्यवाद किया। समारोह का संचालन डॉ वैशाली गौड़ द्वारा किया गया।

### मतगणना के दृष्टिगत भाजपा बना रही मुख्यालय और जिलों में नियंत्रण कक्ष

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनाव मतगणना को लेकर तैयारियों में जुट गई है। इसके लिए पार्टी प्रदेश मुख्यालय एवं जिलों में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) बनाए जा रहे हैं। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक के निर्देशानुसार मतगणना को लेकर पार्टी मुख्यालय मे कंट्रोल रूम, मीडिया वार रूम एवं सभी जिलों मे भी कंट्रोल रूम बनाए हैं। साथ ही, सभी जिलों मे मतगणना को लेकर किसी प्रकार की समस्याओं के निराकरण एवं समन्वय बनाने के लिए जिला समन्वयक नियुक्त किए हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए सभी अभिकर्ताओं को जरूरी सुझाव दिए गये हैं। जबकि ज़िलों में नियुक्त किए गए समन्वयकों की नियुक्ति की गई है।

# हरियाणा : सीएम खट्टर ने 2022-23 के लिए 1.77 लाख करोड़ का बजट किया पेश

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2022-23 का बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के लिए सुषमा स्वराज पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं को उनके महत्वपूर्ण योगदान या उपलब्धियों के लिए दिया जाएगा। उन्होंने महिलाओं को उद्यमी बनने में सहायता देने के लिए हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू करने की घोषणा भी की। खट्टर के पास वित्त विभाग भी है और उन्होंने राज्य विधानसभा में अपना तीसरा बजट पेश किया।



हरियाणा सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 1.77 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जबकि 2021-22 में 1.53 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। खट्टर ने 2022-23 के लिए 1,77,255.99 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया, जो 2021-22 में 1,53,384 करोड़ रुपए के बजट से 15.6 प्रतिशत अधिक है।

बजट आउटले में 34.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय के रूप में 61,057.36 करोड़ रुपए और 65.6 प्रतिशत राजस्व व्यय के रूप में 1,16,198.36 करोड़ रुपए शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में ऋण देयता बढ़कर 2,43,779 करोड़ रुपए हो जाने की संभावना है, जो मार्च 2022 तक 2,23,768 करोड़ रुपए थी, जो कि सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 24.52 प्रतिशत है।

#### सुषमा स्वराज पुरस्कार के तहत 5 लाख रुपए की पुरस्कार राशि

खट्टर ने कहा कि सुषमा स्वराज पुरस्कार के तहत पांच लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा, आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। आज हम अपनी मातृशक्ति की सामाजिक, आर्थिक, खेल, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं। हरियाणा की महिलाओं ने पिछले कुछ वर्षों में विशेष रूप से खेल और राजनीति में काफी उपलब्धियां हासिल की हैं। स्वर्गीय सुषमा स्वराज (हरियाणा की बेटी) भारत की सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा थीं।

#### जिन परिवारों की वार्षिक आय 5 लाख रुपए से कम है उन्हें...

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परिवारों की वार्षिक आय परिवार पहचान पत्र (पारिवारिक आईडी) सत्यापित आंकड़ों के आधार पर 5 लाख रुपए से कम है और जो किसी भी उद्यम, व्यापार या व्यवसाय में उद्यमी बनना चाहती हैं, उन्हें वित्तीय संस्थानों की ओर से सॉफ्ट लोन तक पहुंच दी जाएगी।

खट्टर ने कहा कि कर्ज 3 लाख रुपए की सीमा तक होगा, जिसके लिए हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से तीन साल के लिए 7 प्रतिशत का ब्याज सबवेंशन दिया जाएगा।

## हेट स्पीच : जितेन्द्र नारायण त्यागी उर्फ वसीम रिजवी को हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत

एजेंसी

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को भड़काऊ भाषण (हेट स्पीच) मामले में जेल में बंद जितेन्द्र नारायण त्यागी उर्फ वसीम रिजवी को जमानत देने से इन्कार कर दिया। अदालत ने इसे संज्ञेय अपराध करार दिया है।

आरोपी जितेन्द्र नारायण त्यागी उर्फ वसीम रिजवी 13 जनवरी से हरिद्वार की जेल में बंद हैं। उन पर तीर्थनगरी हरिद्वार में 17 से 19 दिसंबर के मध्य आयोजित धर्म संसद एवं सोशल मीडिया पर एक धर्म विशेष के खिलाफ तथाकथित रूप से भड़काऊ भाषण देने का आरोप है।

न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी की पीठ में इस मामले में आज तीन बार सुनवाई हुई। आरोपी की ओर से कहा गया कि उनके खिलाफ लगाये गये आरोप बेबुनियाद हैं। साजिश के तहत अभियोग पंजीकृत किये गये हैं। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि उन्होंने 06 दिसंबर को धर्म परिवर्तन कर हिन्दू धर्म अपना लिया था। तभी से वह कुछ लोगों के निशाने पर हैं। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि उन्होंने एक किताब प्रकाशित की है और उत्तर प्रदेश और हरिद्वार में उसका विमोचन किया गया। उप्र में हुए विमोचन के बाद से ही उनके खिलाफ साजिशन अभियोग पंजीकृत किये गये। उनके अभिभाषण से कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है।

सरकार और शिकायतकर्ता की ओर से कहा गया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास है और उनके खिलाफ 30 मुकदमे दर्ज हैं। शिकायतकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि आरोपी की ओर से बार बार धर्म विशेष के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने का काम किया गया। पुलिस की ओर से आरोपी के खिलाफ धारा 41 के तहत चालानी कार्रवाई भी अमल में लायी गयी।

अदालत की ओर से अपने आदेश में संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब किसी की भावना को भड़काना नहीं है।

## प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के मामले में सरकार को मिली राहत

**नैनीताल।** करीब 13000 करोड़ की लागत से बनने वाले प्रधानमंत्री मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के मामले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सरकार को राहत देते हुए दोनों जनहित याचिकाओं को निस्तारित कर दिया है।

अदालत ने एक याचिका को खारिज कर दिया जबकि दूसरी याचिका को स्वीकार करते हुए प्रकरण को राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में चुनौती देने को कहा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की युगलपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। इस प्रकरण को देहरादून निवासी रीनू पाल व हल्द्वानी निवासी अमित खोलिया की ओर से चुनौती दी गयी है।

दोनों याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि केन्द्र सरकार की ओर से दिल्ली से देहरादून के बीच एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जा रहा है। इस एक्सप्रेस-वे का तीन किमी का हिस्सा राजाजी नेशनल पार्क (आरटीआर) के ईको सेंसटिव जोन से गुजर रहा है और इस मार्ग के निर्माण के लिये 2500 से अधिक पेड़ों की बलि दी जा रही है। इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण से आरटीआर का 9.6 हेक्टेअर क्षेत्रफल भी घट जायेगा।

याचिकाकर्ता पाल की ओर से अपनी याचिका में दून वैली के पारिस्थितिकी तंत्र व जैव विविधता पर सवाल उठाये गये और कहा गया कि एक्सप्रेव-वे के निर्माण के फलस्वरूप 2500 से अधिक पेड़ों के काटे जाने से दून वैली की जैव विविधता पर खासा असर पड़ेगा और एनजीटी की ओर से इन बिन्दुओं पर विचार नहीं किया गया है।

अदालत ने इसे गंभीरता से लिया और याचिकाकर्ता रीनू पाल की याचिका को खारिज कर दिया जबकि दूसरे याचिकाकर्ता को इस प्रकरण को एनजीटी के समक्ष चुनौती देने को कहा है। अदालत की ओर से अपने महत्वपूर्ण आदेश में देहरादून के सामाजिक कार्यकर्ता रीनू पाल के अधिवक्ता पर गंभीर टिप्पणी भी की गयी है।

# 2023 में एक और मौका दिया तो त्रिपुरा को भारत का नंबर एक राज्य बना देंगे : अमित शाह

**अगरतला।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को त्रिपुरा के लोगों से भारतीय जनता पार्टी को दूसरी बार सरकार बनाने का आग्रह किया और पूर्वोत्तर राज्य को देश में नंबर एक बनाने का वादा किया। मणिपुर विधानसभा चुनावों के बाद, शाह की यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि त्रिपुरा में 2023 में विधानसभा चुनाव होंगे।



बीजेपी-आईपीएफटी सरकार के चार साल पूरे होने के अवसर पर अगरतला के स्वामी विवेकानंद मैदान में शाह ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि हमने इन चार वर्षों में त्रिपुरा को अच्छी तरह से मैनेज किया है। अगले साल हमारे पांच साल पूरे होने के बाद, हमें एक और मौका दें और हम त्रिपुरा को देश का नंबर एक राज्य बना देंगे।

शाह ने अपनी पार्टी के लिए समर्थन की अपील करते हुए कहा, मैं जल्द ही फिर आऊंगा। आने से पहले हम एक-एक चुनावी वादे पूरे करेंगे और फिर से आपका समर्थन मांगेंगे। यहां विकास मोदीजी और (सीएम) बिप्लब जी और (डिप्टी सीएम) जिष्णुजी ही कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि त्रिपुरा में हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे विभिन्न अपराधों में 30 प्रतिशत की कमी आई है और दोषसिद्धि दर में 10 गुना वृद्धि हुई है और स्वास्थ्य बीमा, किसानों के लिए दोहरी आय, आवास सहायता, आदि डबल इंजन सरकार के कारण प्रदान किए गए हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएंगी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अगरतला के बाहरी इलाके आनंदनगर में महिला सशक्तिकरण परियोजना की शुरुआत की।

उन्होंने आनंदनगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर की आधारशिला भी रखी। वाम मोर्चे पर तीखा हमला करते हुए, शाह ने कहा कि राजनीतिक हत्याएं, हिंसा कम्युनिस्ट शासन की विशेषताएं हैं और कहा कि आतंकवादी हमले और घुसपैठ सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह के शासन के दौरान होती थी, जबकि शांति और विकास केवल भाजपा के शासन में हुआ था।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में भाजपा सरकार के शासन में विकास शुरू हुआ जहां सीपीएम और कांग्रेस के पूर्ववर्ती शासन में आतंकवाद, हिंसा, घुसपैठ, भ्रष्टाचार हुआ करता था।

महाराजा बीर बिक्रम हवाई ड्डे पर उतरने के बाद, शाह ने गोमती जिले में दुनिया के 51 शक्तिपीठों में से एक त्रिपुरेश्वरी मंदिर में पूजा की और मंदिर परिसरअ में तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना का भी अनावरण किया।

# सीसीटीवी मामला : हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह को अदालत में किया तलब

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अदालतों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाये जाने के मामले में शीर्ष अदालत के आदेश का अनुपालन नहीं करने के मामले में मंगलवार को प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह को 16 मार्च को व्यक्तिगत रूप से अदालत में तलब किया है।

न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी की पीठ ने देहरादून निवासी प्रद्युम्न बिष्ट की ओर से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए ये निर्देश जारी किये हैं। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि अदालतों की कार्यवाही सीसीटीवी की निगरानी में की जानी चाहिए। इससे अदालती कार्यवाही में पारदर्शिता के साथ निष्पक्षता भी बनी रहेगी लेकिन देहरादून की अदालत ने उसकी इस मांग को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि देहरादून में दहेज उत्पीड़न को लेकर उसके खिलाफ एक अधिवक्ता की सुपुत्री की ओर से 2011 में अभियोग पंजीकृत किया गया। उसके खिलाफ उसी अदालत में दहेज उत्पीड़न का मामला चलाया गया जिसमें अधिवक्ता वकालत करते थे। याचिका में आरोप



लगाया गया है कि अधिवक्ताओं के दबाव में उसके बयानों एवं साक्ष्यों से कथित रूप से छेड़छाड़ की गयी।

इसके बाद उसने निचली अदालत से कहा कि उसका ट्रायल सीसीटीवी कैमरे में किया जाये लेकिन अदालत ने उसके अनुरोध को ठुकरा दिया। याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि इसके बाद उसने इस मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया लेकिन यहां भी उसे निराशा हाथ लगी और अदालत ने 05 मई 2014 को उसकी याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता इसके बावजूद चुप नहीं बैठा और उसने इस प्रकरण को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। शीर्ष अदालत ने स्वत: संज्ञान लेते हुए इस प्रकरण में जनहित याचिका दायर कर ली। साथ ही सभी हाईकोर्ट से जवाब देने को कहा।

इसके बाद शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त 2017 को एक आदेश जारी कर देश की सभी निचली अदालतों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश सरकारों को दिये। साथ ही कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर प्रथम चरण में दो जिलों में इसकी शुरूआत करने को कहा लेकिन उत्तराखंड में इस आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने पुन: 2019 में उत्तराखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और कहा कि मेरे मामले की सुनवाई देहरादून की अदालत में सीसीटीवी कैमरे की जद में की जाये। उच्च न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई करते हुए 19 नवम्बर 2021 को न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और देहरादून के जिला न्यायाधीश से इस प्रकरण में रिपोर्ट मांगी। रजिस्ट्रार जनरल की ओर से कहा गया कि अदालतों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के मामले में हाईकोर्ट की फुल बेंच की ओर से 2017 और 2018 में दो प्रस्ताव पारित कर सरकार को भेजे गये हैं। जिसमें हरिद्वार, विकासनगर, देहरादून, ऋषिकेश, नैनीताल और उधमसिंह नगर की अदालतों में सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा।

याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि यही नहीं मुख्य न्यायाधीश की ओर से इस मामले में 24 जून, 2021 को प्रदेश के मुख्य सचिव से बात की गयी और इस प्रकरण को केबिनेट के समक्ष रखने को कहा और 23 जुलाई को फिर प्रमुख सचिव गृह की ओर से बताया गया कि प्रस्ताव जमा कर दिया गया है। इसके साथ ही दो जिलों में सीसीटीवी लगाने की बात कही।

इसके बाद हाईकोर्ट की ओर से देहरादून और नैनीताल के दो जिलों में सीसीटीवी लगाने के लिये 02 अगस्त 2021 को राज्य सरकार को 4.98 करोड़ का प्रस्ताव भेजा दिया गया।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने 24 दिसंबर, 2021 को प्रमुख सचिव गृह से इस पूरे प्रकरण में 08 मार्च तक रिपोर्ट पेश करने को कहा लेकिन गृह सचिव की ओर से आज तक रिपोर्ट नहीं दी गयी। इसके बाद अदालत ने 16 मार्च को प्रमुख सचिव को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के निर्देश दे दिये।

## मातृशक्ति के दम पर भाजपा फिर सरकार बनाएगी: ठाकुर

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि मातृशक्ति के दम पर भारतीय जनता पार्टी लोकसभा और विधानसभा में एक बार फिर सत्ता पर काबिज होगी।

ठाकुर ने मंगलवार को मण्डी जिला के जोगिन्द्रनगर में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना हम दीर्घकालिक आर्थिक विकास की कल्पना नहीं कर सकते हैं।

किसी भी राष्ट्र की सामाजिक उन्नति और आर्थिक विकास को आंकने के लिए लैंगिक समावेशन मुख्य कारक होता है। राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कई ठोस कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 के बजट में महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही मुख्य योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा देती जैंडर बजट स्टेटमेंट अलग से प्रस्तुत की गई है। इस वक्तव्य से हमें महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की निगरानी में सहायता मिलेगी और इन योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं के परामर्श से इनकी समीक्षा भी की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को बिना किसी आय सीमा के सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करने का निर्णय लिया है। अपने पहले बजट में गरीब परिवारों को नि:शुल्क गैस कुनेक्शन उपलब्ध करवाने के लिए गृहिणी सुविधा योजना प्रारम्भ की गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की समाज में 50 फीसदी भागीदारी है और वे एक सशक्त एवं जीवंत समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और समाज में महिलाओं को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान महिलाओं ने महिला मण्डलों एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से इस वायरस के प्रसार पर नियंत्रण में मुख्य भूमिका निभाई है।

राज्य में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है, जहां महिलाओं ने अपना परचम न लहराया हो।

## विधानसभा ने चालू वित्त वर्ष की 492.43 करोड़ रूपए की तृतीय अनुपूरक मांगों को दी मंजूरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज राज्य सरकार के वित्तीय वर्ष 2021-22 का 492 करोड़ 43 लाख रूपए का तृतीय अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनुपूरक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं और कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश के गांवों को आवागमन की बेहतर सुविधा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा 24 हजार करोड़ रूपए की लागत से सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण की कार्ययोजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जा रहा है।

उन्होने कहा कि जब हमारी सरकार बनी, तो छत्तीसगढ़ में 40 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे थे, राज्य सरकार इन लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है ।उन्होने कहा कि इस अनुपूरक बजट में अन्य प्रावधानों के साथ नवीन अंशदायी पेंशन योजना के लिए 14 प्रतिशत अंशदान के लिए राशि का प्रावधान भी किया गया है।

श्री बघेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के समय प्रज्जवलित की गई अमर जवान ज्योति जो बुझा दी गई है, उस अमर जवान ज्योति को प्रज्जवलित करने का फैसला छत्तीसगढ़ ने किया है।

इसका शिलान्यास लोकसभा सांसद राहुल गांधी द्वारा किया गया है। इस अनुपूरक बजट में अमर जवान ज्योति की स्थापना के लिए भी प्रावधान किया गया है। उन्होने आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी माताओं, बहनों और बेटियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के लिए लगातार कार्य कर रही है।

बेटियों के जन्म से लेकर विवाह कार्यक्रम में सहयोग के लिए नई-नई योजना प्रारंभ की गई हैं। राज्य सरकार द्वारा दूसरी पुत्री के जन्म पर 5000 रूपए की आर्थिक सहायता देने के लिए 'कौशल्या मातृत्व सहायता योजना', श्रमिक परिवार की बेटियों के विवाह में सहायता के लिए 'मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना' शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत हितग्राहियों की प्रथम दो पुत्रियों के बैंक खातों में 20-20 हजार रूपए की सहायता राशि दी जाएगी।

श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, मजदूरों और वनाश्रितों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

किसानों के पुराने कृषि ऋण, जलकर माफ किए गए, 2500 रूपए प्रति क्विंटल धान का मूल्य किसानों को दिया गया। किसान आसानी से खाद, बीज ले सकें, इसके लिए 725 नई सहकारी समितियों का गठन किया गया। इस वर्ष लगभग 98 लाख मीट्रिक टन धान का समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई।

## शार्ट न्यूज

### राजकीय आईटीआई नोएडा के परिसर में संपन्न हुआ वृहद अपरेंटिस/रोजगार मेला



**ग्रेटर नोएडा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा गौतमबुद्धनगर के प्रधानाचार्य मनोज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को मिशन रोजगार योजना के तहत राजकीय आईटीआई नोएडा सेक्टर 31 के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन कराया गया। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में जनपद गौतमबुद्धनगर के 24 औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने प्रतिभाग एवं 717 अभ्यार्थियों ने मेले में उपस्थित होकर अपना साक्षात्कार दिया। जिनमें से 158 अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिस तथा 214 अभ्यर्थियों का चयन जॉब के लिए किया गया। आयोजित रोजगार मेले में प्लेसमेंट प्रभारी विनोद भाटी, अप्रेंटिस प्रभारी सुनील कुमार मिश्रा, राजकीय आईटीआई नोएडा का समस्त स्टाफ और राइट वर्क फाउंडेशन की ऋतु तोमर के द्वारा रोजगार मेले को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला अधिकारी के नेतृत्व में आगामी 24 मार्च एवं 31 मार्च 2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सेक्टर 31 निठारी नोएडा के कैंपस में अप्रेंटिस/रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यार्थी अप्रेंटिस/रोजगार के लिए प्रतिभाग कर सकते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सखी वन स्टॉप सेंटर परिसर में अनंता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नोयडा।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को नोएडा सेक्टर-62 स्थित सखी वन स्टॉप सेन्टर परिसर में अनंता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वैच्छिक संगठन एम्पावर इंडिया फॉर वर्क एवं मैक्स अस्पताल नोएडा के सहयोग से महिलाओं के लिए नि:शुल्क एक दिवसीय हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन कराया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी द्वारा नारी को शक्ति के सम्मान में विभिन्न क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं के संबोधित करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही महिलाओं को स्वावलंबी बनने के उद्देश्य से प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम में स्वैच्छिक संगठन भारत उत्कृष्ट ट्रस्ट से शारदा चतुर्वेदी एम्पावर इंडिया फॉर वर्क की संस्थापक किर्ती माथुर उपस्थित रहीं। मैक्स अस्पताल से डॉ हिमांशी नेगी, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ पर चर्चा की गई। साथ ही डॉ वैशाली नेत्र विशेषज्ञ द्वारा आंखों की देखभाल के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को सैनीटेरी पैड भी वितरित किये गये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता दीपा जैन द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में महिलाओं को विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी के द्वारा उपलब्ध कराई गई।

### बादलपुर पुलिस ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार गिरफ्तार, कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित अवैध असलहा बरामद

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बादलपुर पुलिस ने रविवार को चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों मुर्तजा पुत्र अबरार निवासी ग्राम सोंदत थाना परिक्षितगढ जिला मेरठ वर्तमान पता काठ पुलिया के पास मौहसीन का गोदाम डासना थाना मसूरी जिला गाजियाबाद,मौमीन पुत्र मौहम्मद नवाब निवासी ग्राम बिरोंडी थाना टीलामोड जिला गाजियाबाद वर्तमान पता मुर्गा फार्म के पास डासना थाना मसूरी जिला गाजियाबाद को थाना क्षेत्र के जेडीएस कॉलोनी बिश्नोली गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने किया चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल नंबर छरु स्क्ल 1892, एक चाकू और एक तमंचा मय एक कारतूस जिन्दा बरामद किया है।अभियुक्तगण शातिर किस्म के वाहन चोर हैं।अभियुक्त मुर्तजा थाना पंजाबी बाग दिल्ली से दुष्कर्म के अभियोग में वर्ष 2013 से लगभग 6 वर्ष की सजा काट चुका है जिसके अपराध संख्या की जानकारी की जा रही है।गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### पुलिस ने दो गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना सूरजपुर पुलिस ने मंगलवार को दो गांजा तस्करों शक्तिनाथ झा पुत्र नरसिंह झा निवासी ग्राम व पोस्ट ब्रहमपुर थाना फुलपरास जिला मधुबनी बिहार वर्तमान पता पेप्सी गोदाम के पास कस्बा सूरजपुर थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर, तारा पुत्र रविपाल निवासी ब्रहस्पति बाजार के पास कस्बा सूरजपुर थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के निक्को मोड साईट सी औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया है।अभियुक्त शातिर किस्म के गांजा तस्कर हैं। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मर्दसन कंपनी में कार्यरत महिला कर्मचारियों के मध्य जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन तथा जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में जयहिंद कुमार सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में मंगलवार को मर्दसन टैक्नों टूल्स लिमिटेड कंपनी में कार्यरत महिला कर्मचारियों के मध्य विधिक सेवा/साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता कर रहे जयहिंद कुमार सिंह सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाये जाने का मुख्य उद्धेश्य लैंगिंक असमानता को दूर करने तथा महिलाओ के विरुद्ध हिंसा के साथ साथ सुरक्षा बनाये रखने तथा बाल विवाह को निषेधित करने के लिये लक्ष्य रखा गया है। आगे यह भी बताया कि भारत में वैदिक शास्त्रों में नारियों की पूजा करने के विषय में बताते हुये यह कहा गया है कि यत्र नार्यस्त पूज्यंते, रमन्ते तत्र देवता: अर्थात जिस कुल में नारियों की पूजा होती है वहा दिव्य गुण, दिव्य भोग और उत्तम सन्तान होते है। भारतीय समाज में बच्चियों के जन्म होने पर लक्ष्मी का रुप दिये जाने की अधारणा को स्वीकार किया गया है। इसके बाबजूद समाज में महिलाओं के प्रति बहुत ही विभिन्नताये दर्शित होती है। इन्ही विभिन्नताओ एवं असमानताओं को दूर करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। शिविर में जयहिंद कुमार सिंह सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं से संबंधित कानूनों के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया। शिविर में नितिका महाजन, सिविल जज जूनियर डिविजन द्वारा महिलाओं को बेटी बचाओं, बेटी पढाओं तथा महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु बेटा-बेटी के अंतर को समाप्त करना बेटियों को शिक्षित करना तथा समाज में दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराईओं को खतम किये जाने पर जोर दिया गया।

# यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बनेगा नया एक्सप्रेसवे

## राया हेरिटेज सिटी से मथुरा-वृंदावन तक पहुंचने में होगी आसानी

ग्रेटर नोएडा । यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित होने वाली राया हेरिटेज सिटी को मथुरा-वृंदावन से जोड़ने के लिए नया एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। छह लेन का यह एक्सप्रेसवे 100 मीटर चौड़ा होगा। इस परियोजना की डीपीआर बनाने वाली कंपनी से फिजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी गई है।

यमुना प्राधिकरण एक्सप्रेसवे के किनारे राया में 9350 हेक्टेयर में हेरिटेज सिटी विकसित करेगा। इसमें 731 हेक्टेयर में पर्यटन जोन और 110 हेक्टेयर में रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा। इसे विकसित करने में करीब 7000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्राधिकरण का उद्देश्य है कि अगर पर्यटक यमुना एक्सप्रेसवे से होकर गुजरे तो वह राया में रुके और मथुरा वृंदावन जैसी स्थिति का एहसास कर सकें। उसी के अनुरूप यहां पर राया हेरिटेज सिटी विकसित की जानी है। इसके लिए सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बना रही है। सोमवार को कंपनी के प्रतिनिधियों ने यमुना प्राधिकरण के अफसरों के सामने इसका प्रस्तुतिकरण दिया। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों ने कंपनी से कहा है कि द्वारकाधीश और बांके बिहारी मंदिर तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाने की फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करें।

आधिकारियों ने बताया कि राया से मथुरा-वृंदावन तक 100 मीटर चौड़ा छह लेन का एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। यह दूरी 16 किलोमीटर से अधिक है। इससे राया से दोनों शहरों की पहुंच आसान हो जाएगी। इससे वाहन



चालकों को आसानी होगी।

अधिकारियों ने कहा कि डीपीआर में नेचुरोपैथी सेंटर, आयुर्वेद के सेंटर, योग केंद्र, वेलनेस सेंटर, म्यूजियम, कन्वेंशन सेंटर, थीम पर आधारित हेरिटेज सेंटर, चौकी धानी की तर्ज पर विकास, हॉट, अध्यात्मिक केंद्र, थीम पार्क, होटल आदि को भी शामिल किया जाए। स्थानीय कला को भी डीपीआर में स्थान दिया जाए। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि इन सभी चीजों को डीपीआर में सम्मिलित करते हुए जल्द डीपीआर प्रस्तुत की जाए।

#### ग्रामीण अंचल का होगा अहसास

अगर कोई राया हेरिटेज सिटी घूमने के लिए आता है तो उसे ग्रामीण अंचल की झलक देखने को मिलेगी। किसी को मेडिटेशन करना है तो उसकी भी जगह यहां पर मिलेगी, इसीलिए आध्यात्मिक केंद्रों का प्रावधान किया जा रहा है।

यहां पर रहने के लिए होटल भी बनाए जाएंगे, ताकि पर्यटकों को ठहरने के लिए असुविधा ना हो। यहां थीम आधारित हेरिटेज सेंटर बनेंगे ताकि ऐतिहासिक चीजें भी देखने को मिल सकें।

#### सांस्कृतिक झलक दिखेगी

सीबीआरई कंपनी के प्रतिनिधियों ने सोमवार को दिए प्रेजेंटेशन में प्रोडक्ट मिक्स डेवलपमेंट मॉडल का प्रस्तुतिकरण दिया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि यहां पर थियोलॉजिकल विलेज, कल्चरल एरेना विकसित किया जाएगा।

यहां पर मथुरा वृंदावन से जुड़ी सभी ऐतिहासिक स्थलों की झलक दिखेगी, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को दोनों पुराने शहरों का अहसास हो सके।

यमुना प्राधिकरण सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि राया हेरिटेज सिटी की डीपीआर बनाने वाली कंपनी ने प्रजेंटेशन दिया है। कंपनी से राया से मथुरा-वृंदावन तक नए एक्सप्रेसवे के लिए फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने के लिए कहा गया है। साथ ही कई और बिंदुओं को भी शामिल किया गया है।

उद्घाटन समारोह



नारायणा इंडस्ट्री एरिया में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं समस्त हनुमान भक्त सेवा समिति के अध्यक्ष संजय गर्ग के पिताजी स्वर्गीय विलायती राम गर्ग जी के नाम पर मार्ग का नाम रखा गया इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश भाजपा प्रवक्ता वीरेंद्र बब्बर के साथ करोल बाग जोन के चेयरमैन तेजराम जी उपस्थित रहे।

# लोक संसद का पोर्टल लॉन्च

नई दिल्ली। मंगलवार को देश की राजधानी दिल्ली में लोक संसद का पोर्टल लॉन्च किया गया। वीपी हाउस में आयोजित एक सादे समारोह में राष्ट्रवादी चिंतक के एन गोविंदाचार्य ने पोर्टल लॉन्च करते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्रचार प्रसार के लिए बेहतर प्लेटफार्म है। 18 अप्रैल को लोक संसद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आजादी के 75 वर्ष, कहां है, कहां होना चाहिए, पर विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संवाद स्थापित करना समय की जरूरत है। उम्मीद है लोक संसद सकारात्मक और रचनात्मक पहल के





ज़रिए आगे का रास्ता दिखाएगा। इस मौके पर अमेरिकी दूतावास के पूर्व राजनीतिक सलाहकार दिनेश दुबे और डीयू विधि विभाग की प्रोफेसर सीमा सिंह ने लोक संसद टीम को शुभकामनाए देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। लोक संसद के कार्यकारी संयोजक रविशंकर तिवारी के अलावा, बसवराज पाटिल, अरविंद तिवारी, नंद कुमार झा, कृष्णवीर प्रताप सिंह, विवेक त्यागी, आरती चोपड़ा, आदर्श समेत अन्य लोग मौजूद रहे। लोक संसद के प्रवक्ता जीव कांत झा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सूरजपुर पुलिस ने चोरी की कार के साथ एक वाहन चोर को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना सूरजपुर पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर देवेन्द्र शर्मा पुत्र उमेश शर्मा निवासी ग्राम सुंदरपुर थाना भेजा जिला मधुबनी बिहार वर्तमान पता ग्राम तिलपता थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के तिलपता गोलचक्कर से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट लगी एक चोरी की सैन्ट्रों कार बरामद की है।अभियुक्त के द्वारा उपरोक्त कार थाना न्यू कॉलोनी, गुरुग्राम, हरियाणा क्षेत्र से चोरी की गयी थी तथा पुलिस से बचने के लिए गाड़ी पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर इस्तेमाल किया जा रहा था। कार चोरी के सम्बंध में थाना न्यू कॉलोनी गुरुग्राम हरियाणा पर अभियोग पंजीकृत है।गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का वाहन चोर है।

### छात्राओं व महिला श्रमिकों को सेहत व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

गौरवशाली भारत संवाददाता

नई दिल्ली । भारत की चौथी सबसे बड़ी डायग्नोस्टिक्स लैब चेन न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स ने महिला दिवस से पहले सोमी नगर मॉडल स्कूल की 7वीं से 10वीं कक्षा की स्कूली छात्राओं और समाज के कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इसमें उन्हें मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं और स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं और लड़कियों के नि:शुल्क फेरेटिंग परीक्षण किये गये और बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन प्रदान किए गए। एनजीओ थिंक बियॉन्ड के साथ मिलकर न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स ने सभी स्कूली छात्राओं को एक साल के लिए नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन प्रदान करने का भी वादा किया।

न्यूबर्ग और थिंक बियॉन्ड के डॉक्टरों के एक प्रशिक्षित समूह ने मासिक धर्म प्रबंधन और इससे संबंधित अस्वास्थ्यकर तरीकों के बारे में समझाया। लड़कियों को इस दौरान पेट दर्द एवं अन्य दिक्कतों से निपटने के बारे में भी बताया गया।

संतुलित पोषण एवं डॉक्टर से मिलने के बारे में भी उन्हें जरूरी जानकारियां दी गईं।

न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स के लैब सर्विसेज की प्रमुख डॉ अमृता सिंह ने कहा, किशोरावस्था में पीरियड्स की शुरुआत को लेकर लड़कियों में काफी भ्रम होता है। इस पहल के माध्यम से हम लड़कियों को शुरुआती दिनों में किसी तनाव के बगैर इसे सामान्य तरीके से लेने और इसे अपने जीवन के एक सामान्य हिस्से के रूप में अपनाने के तरीकों के बारे में जानकारी देना और जागरूक करना चाहते थे। हमने उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे इसे सामाजिक वर्जना के रूप में न देखें। हमें खुशी है कि वे बहुत उत्सुक थीं और टीम के साथ इस पर चर्चा करने के लिए तैयार थीं। हम पूरे साल उनके संपर्क में रहेंगे और उनकी चिंताओं का समाधान करेंगे।

### केंद्रीय विद्यालय पीतमपुरा में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालय पीतमपुरा मे मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन दिल्ली सम्भाग की सहायक आयुक्त श्रीमती शील बाला सिह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा केन्द्रीय विद्यालय पीतम पुरा के प्राचार्य श्री पवन कुमार, उप प्राचार्य सूबे सिह शिक्षक प्रतिनिधि श्री वी के सिह,, समस्त शिक्षक एवम गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण समस्त महिला कर्मियो का विशेष सम्मान समारोह रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री कैलाश पति झा के मातृ शक्ति के सम्मान मे प्रस्तुत संस्कृत गीत से हुआ। तत्पश्चात श्री पी के त्रिपाठी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास प्र प्रकाश डालते हुए सन्युक्त राष्ट्र द्वारा महिला दिवस 2022 की विषय वस्तु बेह्तर कल के




लिये आज लैंगिक समानता को स्पष्ट करते हुए समाज के हर परिदृश्य मे इसके महत्व को स्पष्ट किया गया। एक अन्य शिक्षक श्री मो शफी द्वारा उनकी स्वरचित कविता आज का सलाम जो कि आज की महिलाओ को समर्पित थी का पाठ किया गया। प्रचार्य श्री पवन कुमार जी ने अपने वक्तव्य मे महिला समानता का महत्व रेखांकित करते हुए कहा कि जीवन के हर क्षेत्र मे सामाजिक , आर्थिक , राजनीतिक विज्ञान, खेल मे महिलाओ नेविशेष उपलब्धिया हासिल की है आज का दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि हम उनके योगदान को याद कर सक्ते है साथ ही अगली पीढी को लैंगिक समानता के मूल्य को शिक्षित करना होगा तभी हम एक बेह्तर समाज और बेह्तर कल का निर्माण कर सकेगे।

अपने अध्यक्षीय भाषण मेसहायक आयुक्त, दिल्ली सम्भाग श्रीमती शील बाला सिह ने कहा कि समाज मे महिला पुरुष किसी भी एक इकाई की श्रेष्ठ्ता का प्रश्न नही है बल्कि समानता का प्रश्न अधिक महत्त्वपूर्ण है और इन दिवसो के आयोजन की सफलता भी इस पर ही निर्भर है कि समानता का संदेश एक मूल्य के रूप मे हमारे विद्यार्थियो तक प्रसारित हो और हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सके जो महिलाओ के लिए अधिक सुरक्षित हो , उन्हे उनके विकास के लिए सम्पूर्ण एवम समान अवसर उपलब्ध हो सके।

कार्य क्रम के अंत मे सभी महिला कर्मियो को विशेष रूप से सम्मानित किया गया । उप प्रचार्य श्री सूबे सिह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कर्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### महिला के 70 लाख के गहने गायब होने पर मचा बवाल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की नेहरू नगर शाखा में लॉकर से 70 लाख रुपये के जेवर चोरी होने के मामले में नाटकीय मोड़ आ गया है। दरअसल, लॉकर धारक महिला गलती से दूसरी सीरीज के लॉकर को अपना समझ बैठी, जिसके चलते उसमें चाबी नहीं लग पा रही थी। पुलिस ने जांच के दौरान महिला के असली लॉकर का पता चला तो उसमें रखे जेवर भी सुरक्षित मिले।

इस पूरे मामले में बैंक अधिकारियों की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। अपनी ही बैंक के लॉकरों से अनजान अधिकारी किसी दूसरे व्यक्ति का लॉकर तुड़वा बैठे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बैंक अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए विधिक राय ली जाएगी। सिहानी गेट थानाक्षेत्र के अशोक नगर निवासी आईटी प्रोफेशनल समीर गुप्ता की पत्नी प्रियंका गुप्ता का पीएनबी की नेहरू नगर शाखा में खाता है। यहीं उन्होंने करीब 20 साल से लॉकर भी ले रखा है। प्रियंका गुप्ता के मुताबिक, नवंबर 2019 में उन्होंने आखिरी बार लॉकर का इस्तेमाल किया था। कोरोनाकाल के चलते अक्टूबर 2021 में बैंक गईं तो लॉकर में उनकी चाबी नहीं लगी। कई बार शिकायत करने के बाद जब लॉकर नहीं खुल पाया तो महिला ने हंगामा कर दिया तो बैंक अधिकारियों ने 28 फरवरी को गोदरेज कंपनी के कर्मचारियों को बुलाकर लॉकर तुड़वाया तो उसमें 70 लाख के जेवर चोरी मिले। कुछ जेवर पीले रंग की पोटली में रखे मिले थे।

### दादरी पुलिस ने हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्या करने वाले तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना दादरी पुलिस ने मंगलवार को हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्या करने वाले तीन अभियुक्तों सत्यप्रकाश पुत्र ब्रजपाल निवासीगण सराय पस्तोर थाना दातागंज जिला बदांयू, कल्लू पुत्र ब्रजपाल निवासी सराय पस्तोर थाना दातागंज जिला बदांयू को पैरिफेरल अन्डर जीटी रोड से और अभियुक्त ब्रजपाल पुत्र बुलाकी राम निवासी सराय पस्तोर थाना दातागंज जिला बदांयू को दादरी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त सत्यप्रकाश की निशानदेही पर पुलिस ने मृतक के कपडो का बैग,मृतक की पैन्ट व शर्ट,मृतक का आधार कार्ड, मृतक की डायरी, मृतक को दिये गये जहरीले पदार्थ का शेष पाऊडर और एक रक्त रंजित गर्म चद्दर बरामद की है।गौरतलब है कि 28/01 मार्च 2022 की रात्रि मे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या कर एक अज्ञात व्यक्ति के शव को रूपवास गोल चक्कर के पास



रेलवे लाइन पर पत्थर से सिर व चेहरे पर चोट पहुँचा कर हत्या कर रेलवे ट्रेक पर डाला गया था। दादरी पुलिस के द्वारा इस प्रकरण मे थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 126/2022 धारा 302 भादवि के तहत पंजीकृत किया गया था।

इसके पश्चात मृतक अज्ञात कि शिनाख्त के तमाम प्रयास करने के फलस्वरूप मृतक की शिनाख्त संजीव उर्फ संजू पुत्र ओमपाल यादव निवासी ग्राम सराय पस्तो थाना दातागंज बदायू उम्र 28 वर्ष के रूप मे हो गई। जिसके पश्चात हत्या का सफल अनावरण करते हुए हत्या मे शामिल उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर जानकारी हुई कि अभियुक्त सत्यप्रकाश व कल्लू तथा मृतक एक ही गांव के रहने वाले है। दोनों का पड़ोस मे घर है। सत्यप्रकाश व कल्लू का सगा छोटा भाई जसबीर मृतक संजीव का अच्छा दोस्त था जिसके पास संजीव का काफी आना जाना था। जिसके अवैध सम्बन्ध जसबीर के भाई ओमशरण की पत्नी से हो गये थे। जिसकी जानकारी जसबीर को होने पर जसबीर ने संजीव को समझाया था।5 फरवरी 2022 को गांव सराय पस्तोर मे ही संजीव, जसबीर, धर्मेन्द्र और गंगा प्रसाद ने साथ-साथ शराब पी थी। उसी दिन जसबीर की मृत्यु हो गयी थी तभी से जसबीर के भाई सत्यप्रकाश व कल्लू तथा पिता ब्रजपाल यह विश्वास कर रहे थे कि जसबीर को शराब मे कुछ मिलाकर संजीव ने मार दिया है। परन्तु इस बात की कोई शिकायत पुलिस को नही की गयी थी और6जसबीर का अन्तिम संस्कार कर दिया गया था।



आर्यभट्ट कॉलेज की जेंडर सेनिटाइजेशन कमेटी ने महिला दिवस को अनोखे अंदाज में मनाया। जागरूकता फैलाने के लिए, सभी पुरुषों ने गुलाबी और महिलाओं ने नीले रंग का पहनावा इस मिथक को तोड़ने के लिए पहना था कि गुलाबी रंग केवल लड़कियों और महिलाओं के लिए है। पुरुष छात्रों, स्टाफ सदस्यों और कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनोज सिन्हा ने भी गुलाबी रंग की पोशाक पहनी और सभी को शुभकामनाएं दीं।

### राजकीय विशेषीकृत गृह परिसर नोएडा सेक्टर 34 में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

नोयडा। राजकीय विशेषीकृत गृह (महिला/बालिका) परिसर सेक्टर-34 नोएडा में मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी एवं प्रभारी एएचटीयू विनोद पवार की उपस्थिति




में संवासिनियों द्वारा बड़े हर्ष के साथ केक काटा गया। साथ ही साथ संवासिनियों द्वारा सांस्कृतिक एवं डांस कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त-द्वितीय, गौतमबुद्धनगर के निर्देशों के क्रम में दो महिलाएं मरियम एवं जुबेदा का उनके परिवार में पुनर्वासन कराया गया।

# संपादकीय



## ओबीसी आरक्षण नहीं, तो स्थानीय निकाय चुनाव नहीं

महाराष्ट्र विधानसभा और विधान परिषद ने दो विधेयक पारित किए जिनके तहत राज्य सरकार को वार्डों का सीमांकन करने तथा वार्डों की संख्या निर्धारित करने का अधिकार दिया गया है और राज्य चुनाव आयोग के लिए जरूरी किया गया है कि सरकार से सलाह के बाद ही चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाए। विपक्ष ने भी इन विधेयकों का समर्थन किया और दोनों विधेयक सर्व सहमति से पारित हो गए। इससे स्थानीय निकाय चुनावों में पांच से 6 माह की देरी हो सकती है। उद्धव सरकार की तरफ से इस तरह का कदम उठाने के पीछे राज्य सरकार राज्य में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों को तब तक आगे टाल सकती है जब तक ओबीसी आरक्षण का मुद्दा नहीं सुलझ जाता।

महा विकास अघाडी (एमवीए) सरकार ने मुंबई महानगरपालिका अधिनियम और महाराष्ट्र नगर परिषदों, नगर पंचायतों, औद्योगिक नगरीय योजना कानून के साथ-साथ महाराष्ट्र ग्राम पंचायत तथा जिला परिषद और पंचायत समिति अधिनियम में संशोधन पेश किए थे। इस प्रस्ताव को विधानसभा और विधान परिषद से पारित कर दिया गया तथा विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने भी इसका समर्थन किया। दो विधेयक राज्य सरकार को स्थानीय निकाय चुनावों के लिए परिसीमन और वार्ड गठन की शक्तियां लेने की अनुमति देते हैं। ये अधिकार पहले राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) को दिए गए थे। इन विधेयकों के अनुसार राज्य चुनाव आयोग अब राज्य सरकार के परामर्श से स्थानीय और नगर निकाय चुनावों के लिए मतदान कार्यक्रम तय करेगा। इसके अलावा संशोधनों ने एसईसी द्वारा परिसीमन प्रक्रिया को रद्द करने और नागरिक और स्थानीय निकायों के वार्डों के निर्धारण का भी प्रस्ताव किया है। महाराष्ट्र एसईसी, जो 1994 में अस्तित्व में आया था, अतीत में इस गतिविधि को अंजाम दे रहा है।

मुंबई और 25 जिला परिषदों सहित 10 नगर निगमों का कार्यकाल इस महीने समाप्त हो जाएगा और इस साल चुनाव होने की उम्मीद थी। मार्च 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को रद्द कर दिया था। तब से महाराष्ट्र सरकार इस कोटा को बहाल करने के लिए विभिन्न कानूनी रास्ते तलाशने की कोशिश कर रही है।

जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को राज्य में ओबीसी की स्थिति पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। रिपोर्ट को महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा संकलित किया गया था, जिसने स्थानीय निकायों के चुनावों में उनके प्रतिनिधित्व पर सिफारिशें की थीं। महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने फरवरी में सौंपी अपनी 35 पेज की रिपोर्ट में ओबीसी के लिए 27 फीसदी तक आरक्षण की सिफारिश की थी। इसके बाद रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी गई। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर ओबीसी वर्ग को समुचित प्रतिनिधित्व के लिए आरक्षण मामले में गठित आयोग की रिपोर्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने असंतुष्टि जताते हुए रिपोर्ट में की गई सिफारिशों का आधार आंकड़ों पर आधारित और तर्क संगत बनाने को कहा। सुनवाई के दौरान जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने कहा, रिपोर्ट में ही उल्लेख है कि आयोग द्वारा अनुभवजन्य अध्ययन और शोध के अभाव में इसे तैयार किया जा रहा है। ऐसा करने में विफल रहने पर आयोग को अंतरिम रिपोर्ट दाखिल नहीं करनी चाहिए थी। नतीजतन, किसी भी प्राधिकरण को, राज्य चुनाव आयोग को छोड़कर, उक्त रिपोर्ट में की गई सिफारिशों पर कार्रवाई करने की अनुमति देना संभव नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने राज्य चुनाव आयोग को बिना किसी देरी के स्थानीय निकायों में चुनाव प्रक्रिया को अधिसूचित करने और अपने पहले के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया, जिसमें निर्देश दिया गया था कि ओबीसी सीटों को सामान्य श्रेणी के रूप में माना जाए।

## ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट ने पूर्णानंद घाट में महिलाओं को किया सम्मानित



ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट, पूर्णानंद घाट में महिलाओं द्वारा की जा रही गंगा आरती में महिलाओं द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गंगा के पावन तट पूर्णानंद घाट पर महिलाओं के समान अवसर, नेतृत्व, सुखद समन्वय एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। महिलाओं का उत्साहवर्धन करने व उनमें छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए विशेष गंगा आरती की गई।

सुशीला सेमवाल जी ने कहा कि आज किसी भी क्षेत्र में महिलायें पुरुषों से कम नहीं हैं। उन्होंने महिलायें को अपनी क्षमताओं को समझने, अपने सपनों को बुनने और जीवन में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी।

गंगा भक्त सोनल पांड्या जी ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नारी शक्ति को नमन है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हम भारत की प्रत्येक नारी को नमन कर उनके सम्मान, स्वाभिमान और अधिकार की रक्षा का संकल्प दोहराते है। यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता:। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते, सर्वास्तत्राफला: क्रिया:।।

के भाव को अपने अंदर समाहित कर हम भारतीय नारी को प्रणाम करते हैं और कहा कि नारी शक्ति को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में हर संभव योगदान देने का संकल्प लें और महिलाओं के विकास पर ध्यान केंद्रित कर उनकी उपलब्धियों पर गर्व करें।

डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के अस्तित्व, अस्मिता एवं उनके योगदान के लिए दायित्वबोध की चेतना का संदेश छुपा है, जिसमें महिलाओं के प्रति बढ़ रही हिंसा को नियंत्रित करने का संकल्प लेना जरुरी है। आचार्य अभिनव पोखरियाल ने शक्ति स्वरूपा नारीशक्ति को आंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

सुशीला सेमवाल जी ने कहा कि कहा कि महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की जरूरत है।

महिला गंगा आरती में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष स्वर्ग आश्रम माधव अग्रवाल, सोनिया राज, कर्तव्य कला केन्द्र के अनुराध आनन्द, वैभव गर्ग, आचार्य अभिनव पोखरियाल डायरेक्टर नमामि गंगे स्पिरिचुअल, काली की ढाल से चंद्रकांता जोशी, श्रीमती राधा रमोला पार्षद शास्त्री नगर, मंजू देवी, उषा मौके पर इंद्र प्रकाश अग्रवाल अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल प्रकोष्ठ, गोपाल अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि आज महिलाओं को सम्मानित किया गया।

विश्व महिला दिवस (8 मार्च, 2022) पर प्रकाशनार्थ

# 'नारी' की पूजा तो फिर अत्याचार क्यों?



-ललित गर्ग -



नारी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन तथा मातृशक्ति की अभिवंदना का एक स्वर्णिम अवसर है विश्व नारी दिवस, यह नारी की महिमा को उजागर करने वाला ऐतिहासिक दिन है। आखिर नारी को ही 'माँ' का महत्त्वपूर्ण पद और संबोधन मिला। कारण की मीमांसा करते हुए अनुभवविदों ने बताया- हमारी भारतीय परंपरा में भारतमाता, राजमाता, गौमाता की तरह धरती को भी माता कहा जाता है। वह इसलिए कि धरती पैदा करती है। वह निर्मात्री है, सृष्टा है, संरक्षण देती है, पोषण करती है, बीज को विस्तार देती है, अनाम उत्सर्ग करती है, समर्पण का सितार बजाती है, आश्रम देती है, ममता के आँचल में सबको समेट लेती है और सब कुछ चुपचाप सह लेती है। इसीलिए उसे 'माता' का गौरवपूर्ण पद मिला। माँ की भूमिका यही है।

'मातृदेवो भव:' यह सूक्त भारतीय संस्कृति का परिचय-पत्र है। ऋषि-महर्षियों की तप: पूत साधना से अभिसिंचित इस धरती के जर्रे-जर्रे में गुरु, अतिथि आदि की तरह नारी भी देवरूप में प्रतिष्ठित रही है। रामायण उद्गार के आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की यह पंक्ति- 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' जन-जन के मुख से उच्चारित है। प्रारंभ से ही यहाँ 'नारीशक्ति' की पूजा होती आई है फिर क्यों नारी अत्याचार बढ़ रहे हैं? फिर क्यों नारी का उत्पीड़न एवं अस्तित्व को नौंचा जाता है? वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में नारी की आराधना होती है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धनधान्य आदि प्राप्त होता है, फिर क्यों नारी की अवमानना होती है?

नारी का दुनिया में सर्वाधिक गौरवपूर्ण सम्मानजनक स्थान है। नारी धरती की धुरा है। स्नेह का स्रोत है। मांगल्य का महामंदिर है। परिवार की पीढ़िका है। पवित्रता का पैगाम है। उसके स्नेहिल साए में जिस सुरक्षा, शीतलता और शांति की अनुभूति होती है वह हिमालय की हिमशिलाओं पर भी नहीं होती। सुप्रसिद्ध कवयित्रि महादेवी वर्मा ने ठीक कहा था-'नारी सत्यं, शिवं और सुंदर का प्रतीक है। उसमें नारी का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुंदर है। इन विलक्षणताओं और आदर्श गुणों को धारण करने वाली नारी फिर क्यों बार-बार छली जाती है, लूटी जाती है?

विश्व महिला दिवस के सन्दर्भ में एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी का जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा। बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? भरी राजसभा में द्रौपदी को बाल पकड़कर खींचते हुए अंधे सम्राट धृतराष्ट्र के समक्ष उसकी विद्वत मंडली के सामने निर्वस्त्र करने के प्रयास के संस्करण आखिर कब तक शक्ल बदल-बदल कर नारी चरित्र को धुंधलाते रहेंगे? ऐसी ही अनेक शक्लों में नारी के वजूद को धुंधलाने की घटनाएं- जिनमें नारी का दुरुपयोग, उसके साथ अश्लील हरकतें, उसका शोषण, उसकी इज्जत लूटना और हत्या कर देना- मानो आम बात हो गई हो। महिलाओं पर हो रहे अन्याय, अत्याचारों की एक लंबी सूची रोज बन सकती है। न मालूम कितनी महिलाएं, कब तक ऐसे जुल्मों का शिकार होती रहेंगी। कब तक अपनी मजबूरी का फायदा उठाने देती रहेंगी। दिन-प्रतिदिन देश के चेहरे पर लगती यह कालिख को कौन पोछेगा? कौन रोकेगा ऐसे लोगों को जो इस तरह के जघन्य अपराध करते हैं, नारी को अपमानित करते हैं।

औरत जन्मती नहीं, बना दी जाती है, यह कहावत प्रचलित है और कई कट्टटर मान्यता वाले औरत को मर्द की खेती समझते हैं। कानून का संरक्षण नहीं मिलने से औरत संघर्ष के अंतिम छोर पर लड़ाई हारती रही है। इसीलिये आज की औरत को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए। पूरे पृष्ठ, जितने पुरुषों को प्राप्त हैं। पर विडम्बना है कि उसके हिस्से के पृष्ठों को धार्मिकता के नाम पर 'धर्मग्रंथ' एवं सामाजिकता के नाम पर 'खाप पंचायते' घेरे बैठे हैं। पुरुष-समाज को उन आदतों, वृत्तियों, महत्वाकांक्षाओं, वासनाओं एवं कट्टरताओं को अलविदा कहना ही होगा जिनका हाथ पकड़कर वे उस ढ़लान में उतर गये जहां रफ्तार तेज है और विवेक अनियंत्रण हैं जिसका परिणाम है नारी पर हो रहे नित-नये अपराध और अत्याचार। पुरुष-समाज के प्रदूषित एवं विकृत हो चुके तौर-तरीके ही नहीं बदलने हैं बल्कि उन कारणों की जड़ों को भी उखाड़ फेंकना है जिनके कारण से बार-बार नारी को जहर के घूंट पीने को विवश होना पड़ता है।

नारी जाति को अपनी विशेषताओं से ही नहीं, बल्कि अपनी कमजोरियों से भी अवगत होना होगा। नारी को अपने आप से रूबरू होना होगा, जब तक ऐसा नहीं होता लक्ष्य की तलाश और तैयारी दोनों अधूरी रह जाती है। स्वयं की शक्ति और ईश्वर की भक्ति भी नाकाम सिद्ध होती है और यही कारण है कि जीने की हर दिशा में नारी औरों की मुहताज बनती हैं, औरों का हाथ थामती हैं, उनके पदचिन्ह खोजती हैं। कब तक नारी औरों से मांगकर उधार के सपने जीती रहेंगी। कब तक औरों के साथ स्वयं को तौलती रहेंगी और कब तक बैशाखियों के सहारे मिलों की दूरी तय करती रहेंगी यह जानते हुए भी कि बैशाखियां सिर्फ सहारा दे सकती है, गति नहीं? हम बदलना शुरू करें अपना चिंतन, विचार, व्यवहार, कर्म और भाव। मौलिकता को, स्वयं को एवं स्वतंत्र होकर जीने वालों को ही दुनिया सर-आंखों पर बिठाती है।

जिस घर में नारी सुघड़, समझदार, शालीन, शिक्षित, संयत एंव संस्कारी होती है वह घर स्वर्ग से भी ज्यादा सुंदर लगता है क्योंकि वहाँ प्रेम है, सम्मान है, सुख है, शांति है, सामंजस्य है, शांत सहवास है।

सुख-दुख की सहभागिता है। एक दूसरे को समझने और सहने की विनम्रता है। नारी अनेक रूपों जीवित है। वह माँ, पत्नी, बहन, भाभी, सास, ननंद, शिक्षिका आदि अनेक दायरों से जुड़कर सम्बधों के बीच अपनी विशेष पहचान बनाती है। उसका हर दायित्व, कर्तव्य, निष्ठा और आत्म धर्म से जुड़ा होता है। इसीलिए उसकी सोच, समझ, विचार, व्यवहार और कर्म सभी पर उसके चरित्रगत विशेषताओं की रोशनी पड़ती रहती है। वह सबके लिए आदर्श बन जाती है।

नारी अपने घर में अपने आदर्शों, परंपराओ, सिद्धांतो, विचारों एवं अनुशासन को सुदृढ़ता दे सकें, इसके लिए उसे कुछेक बातों पर विशेष ध्यान देना होगा। नारी अपने परिवार में सबका सुख-दुख अपना सुख-दुख माने। सबके प्रति बिना भेदभाव के स्नेह रखे। सबंधों की हर इकाई के साथ तादात्मय संबंध जोड़े। घर की मान मर्यादा, रीति-परंपरा, आज्ञा-अनुशासन, सिद्धांत, आदर्श एंव रूचियों के प्रति अपना संतुलित विन्रम दृष्टिकोण रखें। अच्छाइयों का योगक्षेम करें एंव बुराइयों के परिष्कार में पुरषार्थी प्रयत्न करें। सबका दिल और दिमाग जीतकर ही नारी घर में सुखी रह सकती है।

बदलते परिवेश में आधुनिक महिलाओं के लिए यह आवश्यक है कि मैथिलीशरण गुप्त के इस वाक्य- आँचल में है दूध को सदा याद रखें। उसकी लाज को बचाएँ रखें और भ्रूणहत्या जैसा घिनौना कृत्य कर मातृत्व पर कलंक न लगाएँ। बल्कि एक ऐसा सेतु बने जो टूटते हुए को जोड़ सके, रुकते हुए को मोड़ सके और गिरते हुए को उठा सके। नन्हे उगते अंकुरों और पौधों में आदर्श जीवनशैली का अभिसिंचन दें ताकि वे शतशाखी वृक्ष बनकर अपनी उपयोगिता साबित कर सकें। जननी एक ऐसे घर का निर्माण करे जिसमें प्यार की छत हो, विश्वास की दीवारें हों, सहयोग के दरवाजे हों, अनुशासन की खिड़कियाँ हों और समता की फुलवारी हो। तथा उसका पवित्र आँचल सबके लिए स्नेह, सुरक्षा, सुविधा, स्वतंत्रता, सुख और शांति का आश्रय स्थल बने, ताकि इस सृष्टि में बलात्कार, गैंगरेप, नारी उत्पीड़न जैसे शब्दों का अस्तित्व ही समाज हो जाए।

(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार एवं समाजसेवी
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25, आई.पी. एक्सटेंशन,
पटपड़गंज, दिल्ली-92
मो. 9811051133

# मोटापा किसी शारीरिक समस्या से ज्यादा कष्टदायी

बढ़ते शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के कारण शारीरिक श्रमरहित दिनचर्या ने मोटापा बढ़ाने में बड़ा योगदान किया है और अब यह एक महामारी का रूप लेती जा रही है। युवाओं और कम उम्र के लोगों में भी अब मोटापा बहुत सामान्य बात हो गई है जिस वजह से डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिसऑर्डर, सोने की समस्या, जोड़ों का दर्द, इनफर्टिलिटी जैसी कई तरह की गंभीर बीमारियां और कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। वैशाली स्थित मैक्स सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल के बैरियाट्रिक एंड रोबोटिक सर्जरी के निदेशक और प्रमुख डॉ. विवेक बिंदल ने कहा, मोटापे से पीड़ित लोगों में बैरियाट्रिक (मोटापा) सर्जरी या वजन घटाने वाली सर्जरी या मेटाबॉलिक सर्जरी में कई तरह की प्रक्रियाएं अपनाई जाती हैं। इस प्रक्रिया में पेट का एक हिस्सा (स्लीव गैस्ट्रेक्टोमी) निकालकर पेट का आकार कम किया जाता है। इसमें छोटी आंत को पेट के छोटे पाउच (गैस्ट्रिक बायपास सर्जरी वन एनास्टोमोसिस गैस्ट्रिक बायपास) को रीरूट किया जाता है। रोबोटिक बैरियाट्रिक सर्जिकल प्रक्रियाएं उन मरीजों पर अपनाई जाती है जिनका बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) अत्यधिक रहता है और जिन्हें मोटापे से संबंधित अन्य बीमारियां होती हैं। बैरियाट्रिक सर्जरी से डायबिटीज, हाई बीपी और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया की समस्या दूर की जाती है। सैकड़ों इंसुलिन यूनिट लेने के बावजूद कई सारे मरीजों का ब्लड शुगर अनियंत्रित रहता है, उन्हें कोई दवाई लिए बगैर बैरियाट्रिक सर्जरी कराने से डायबिटीज से उबारा जाता है और उनका ब्लड शुगर नियंत्रित किया जाता है।

रोबोटिक सिस्टम के मुख्य लाभ गैस्ट्रिक बायपास में देखे जाते हैं जिससे हमारे शरीर के अंदर 3डी एचडी व्यू मिलता है, इसमें हाथ के मुकाबले अधिक मुडने वाले उपकरण होते हैं जिससे बेहतर परिशुद्धता और नियंत्रण मिलता है। इस तरह की प्रक्रियाएं अत्यंत सुरक्षित रहती हैं और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लीक की संभावना कम रहती है, बेहतर स्टोमा आकार और जख्मध्संक्रमण का खतरा नहीं रहता है। डॉ. बिंदल ने कहा, श्वजन कम करने वाले किसी प्रयास का मूल मकसद लाइफस्टाइल और खानपान में बदलाव लाना और शारीरिक श्रम बढ़ाना है। अपने बायोलॉजिकल क्लॉक के अनुसार चलना ही अच्छी सेहत और रोगमुक्त रहने का मुख्य तरीका है। सोने की आदत बदलने या गलत समय पर सोने से खानपान भी गलत समय पर होने लगता है जिस कारण हमारे शरीर का मेटाबॉलिज्म बिगड़ जाता है। उचित समय पर रोजाना 7 से 9 घंटे की नींद लेना अनिवार्य है। मोटापे का इलाज संभव है लेकिन इसके लिए दवाइयां खाने के बजाय अच्छा खानपान का पालन करना बेहतर होता है। इस प्रक्रिया में डायटिशियन, एंडोक्रोनोलॉजिस्ट, साइकोलॉजिस्ट, इंटरनिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, फैमिली डॉक्टर, बैरियाट्रिक सर्जन जैसे विशेषज्ञों से तालमेल के बाद ही सर्जरी की जाती है। सर्जिकल मैनेजमेंट यानी बैरियाट्रिक सर्जरी अंतिम उपाय है जो स्थायी रूप से वजन कम करने और मोटापे से संबंधित सभी बीमारियों में सुधार लाने का सबसे प्रभावशाली उपचार साबित हुआ है।

विश्व में मोटापा एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन गई है जिससे 80 करोड़ लोग प्रभावित हैं और लाखों लोगों की जान पर इसका खतरा रहता है। दिल की बीमारी, डायबिटीज, कैंसर और अन्य क्रानिक बीमारियां बढ़ाने में इसका बड़ा योगदान रहता है। हाल के वर्षों में यह महामारी का रूप लेती जा रही है जिस कारण बीमारियों और मृत्यु के मामले बढ़ते जा रहे हैं। कई क्लिनिकों में वजन घटाने के कई उपाय किए जाते हैं लेकिन ये सब उपाय लंबे समय तक नहीं चलते हैं।

# सावधानी से कदम आगे बढ़ा रहा है दुनिया का सबसे बड़ा व्यापारी देश चीन

इस समय सारी दुनिया का ध्यान यूक्रेन पर लगा हुआ है लेकिन इस संकट के दौरान चीन की चतुराई पर कितने लोगों ने ध्यान दिया है? इस समय पिछले कुछ वर्षों से चीन और अमेरिका के बीच भयंकर अनबन चल रही है। चीन पर लगाम लगाने के लिए अमेरिका ने चार देशों— भारत, आस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका का चौगुटा (क्वॉड) खड़ा कर लिया है। 'आकुस' का सैन्य संगठन पहले से बना ही हुआ है। चीनी-अमेरिकी व्यापार, ताइवान और दक्षिण चीनी समुद्र के सवाल पर इन दोनों देशों में तनातनी चल रही है। चीन में हुए ओलंपिक खेलों का भी अमेरिका और उसके साथी राष्ट्रों ने बहिष्कार किया है लेकिन इन सब चीन-विरोधी हरकतों के बावजूद यूक्रेन के सवाल पर जब-जब वोट देने का सवाल आया, चीन ने कभी भी अमेरिकी प्रस्ताव के विरुद्ध वोट नहीं दिया। उसने भारत की तरह तटस्थता दिखाई। परिवर्जन (एब्सटेन) किया। क्यों किया? क्या वह अमेरिका से डरता है? नहीं! उसे अमेरिका से कोई डर नहीं है। वे आर्थिक और सामरिक दृष्टि से भी अमेरिका के मुकाबले सीना तानकर खड़ा हो सकता है। वह अमेरिका के लिए रूस से कई गुना बड़ा खतरा बन सकता है।

आजकल चीन और रूस का संबंध वैसा कटु नहीं है, जैसे माओ और ख्रुश्चौफ के जमाने में था। आजकल ये दोनों राष्ट्र गलबहियां डाले हुए हैं। चीन की फौज और अर्थव्यवस्था इस समय इतनी बड़ी है कि चीन जब चाहे रूस की सहायता कर सकता है। चीन और रूस शांघाई सहयोग संगठन के सदस्य भी हैं। इसके बावजूद यूक्रेन के सवाल पर चीन ने कभी रूस के समर्थन में वोट नहीं दिया।

# संघर्ष जीवन का मूल मंत्र है

लेखक: कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

मानव जीवन में संघर्ष, मेंहनत, कौशलता यह तीन अस्त्र ऐसे हैं जो जीवन की सफ़लता के मूल मंत्र हैं इन तीन मंत्रों के बलपर हर मानव अपने जीवन रूपी गाड़ी को मंजिल तक पहुंचाने में कामयाब रहता है!! क्योंकि आज के युग में सफलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष की सीढ़ी पर चढ़ना होता है, हालांकि हो सकता है इस सीढ़ी से हम कई बार फिस्लें भी, परंतु यदि सफ़लता पाने का ज़ज्बा और जांबाज़ी है तो हमें, फिसलकर फिर उठ खड़ा होकर सफ़लता की सीढ़ी पर चढ़ना होगा!!! इसे ही संघर्ष का नाम दिया गया है इससे हम ज़रूर सफलता की इस सीढ़ी के अंतिम पहिए तक पहुंचकर अपना, अपने कुल का और भारत का नाम रोशन करने में कामयाब होंगे।

साथियों बात अगर हम चींटी से मेहनत, बगुले से तरकीब और मकड़ी से कारीगरी सीखने की करें तो, नन्हीं सी चींटी महीने भर मेहनत करती है और और साल भर आराम और निश्चिंतता से अपना जीवन जीती है। बिना मेहनत के जीवन खुशहाल और निश्चिंत नहीं बन सकता ये उस नन्हीं सी चींटी के जीवन की सीख है। वैसे तो बगुले को उसके ढोंग के लिए ही जाना जाता है मगर बगुले का वह ढोंग भी मनुष्य को एक बहुत बड़ी सीख दे जाता है। रास्ते बदलो पर लक्ष्य नहीं बदलो। कभी-कभी बहुत मेहनत के बाद भी कार्य सिद्ध नहीं हो पाता मगर वही कार्य कम मेहनत में भी सिद्ध हो सकता है, बस आपके पास उसकी तरकीब अथवा तरीका होना चाहिए। संसार में हर जीव अपने आवास और भोजन की व्यवस्था अपने ही तरीके से करता है लेकिन मकड़ियों द्वारा उनका जाल बनाना काफी रोचक और बेहद कठिन है उनसे इन इस कठिन परिस्थितियों में सफलता पाने का गुण सीखना है।

साथियों बात अगर हम संघर्ष ने मेहनत की करें तो हमारे बड़े बुजुर्गों ने हमें बार-बार समझाया है कि देखो, यह चीटी कितनी बार दीवार पर चढ़ते हुए बार-बार गिरती है परंतु फिर उठ खड़ी होकर चढ़ती है!! इससे सीखो!! वाह!! क्या बात है!! इतनी बड़ी विशाल मानव काया के सामने चींटी का उदाहरण, संघर्ष और मेहनत के रूप में मानव के सामने सदियों से आता रहा है, जिससे हमें यह सीख मिलत है कि मानव से हजारों गुना छोटे जीव को भी निग्लेक्ट नहीं कर उससे सीखने, प्रेरणा लेने की सोच का भाव हृदय में रखना है!! यही भाव आगे चलकर मानव को महामानव के रूप में परिवर्तित करता है!!!

साथियों बात अगर हम अपने जीवन में संघर्ष की करें तो, नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है, चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है। मन का विश्वास रगों में साहस भरता है, चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना नहीं अखरता है। आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।जीवन संघर्ष का दूसरा नाम हैं!!!एक बात हमेशा याद रखिए, अपनी मंजिल का आधा रास्ता तय करने के बाद पीछे ना देखे बल्कि पूरे जुनून और विश्वास के साथ बाकी की आधी दूरी तय करे, बीच रास्ते से लौटने का कोई फायदा नहीं क्योंकि लौटने पर आपको उतनी ही दूरी तय करनी पड़ेगी जितनी दूरी तय करने पर आप लक्ष्य तक पहुँच सकते है!!!

साथियों संघर्ष जीवन के उतार - चढ़ाव का अनुभव कराता है, अच्छे-बुरे का ज्ञान करवाता हैं, सतत सक्रिय रहना सिखाता है, समय की कीमत सिखाता है जिससे प्रेरित होकर हम सशक्तिकरण के साथ फिर से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होते है और जीवन जीने के सही तरीके को सीखते हैं। आगे बढ़कर भी अगर सफलता ना मिल पाई तो भी कोई बात नहीं कम से कम अनुभव तो नया होगा।

बार-बार हार के भी हिम्मत के साथ अपने टारगेट की तरफ कदम बढ़ाना ही संघर्ष है। अपनी हर असफलता से कुछ सीखिए और निडरता के साथ संघर्ष का दामन थाम के मंजिल की ओर आगे बढ़िए।वसंघर्ष हमारे जीवन का सबसे बड़ा वरदान है और वो हमें सहनशील, संवेदनशील और देवतुल्य बनाता हैं।

जब तक जीवन में संघर्ष नहीं होता तब तक जीवन जीने के अंदाज को, सच्ची खुशी को, आनंद को, सफलता को अनुभव भी नहीं कर सकते। जिस तरह बिना चोट के पत्थर भी भगवान नहीं होता। ठीक उसी तरह मनुष्य का जीवन भी संघर्ष की तपिश के बिना ना तो निखर सकता है, ना शिखर तक पहुँच सकता है और ना ही मनोवांछित सफलता पा सकता है।

साथियों बात अगर हम मकड़ी से कारीगरी सीखने की करें तो यह उदाहरण भी हमें हमसे बड़े बुजुर्गों द्वारा पीढ़ियों से, दशकों से दिया जाता है कि देखो वह मकड़ी नें कैसा सुंदर आकार का जाल बनाया है, उसकी कलाकारी को देखो बस हमें आज उस मकड़ी की कला की कारीगरी को आज कौशलता का नाम देकर उसकी कारीगरी को अपने मानवीय मस्तिष्क में यह बात उतारनी है कि जब हम से हजारों गुणा छोटा जीव इतनीं सुंदर कारीगरी कर सकता है तो हम क्यों नहीं!!! बस!!! यह मानवीय सोच, मानवीय बौद्धिक क्षमता के कुछ स्तरपर बंद दरवाजों को खोलने का काम करती है और यह द्वार एक बार खुला तो फिर हुनर की लंबी उपलब्धियां हमारे पास होंगी और हम अपने कुल के साथ भारत माता का नाम वैश्विक स्तरपर ऊंचा करने में कामयाब कर सकेंगे।

साथियों बात अगर हम कौशलता की करें तो, वर्तमान समय में कौशलता या कारीगरी या हुनर का नाम हम बहुत अधिक सुन रहे हैं!! कौशलता विकास का नाम भारत सरकार के करीब-करीब हर मंत्रालय के कार्यक्रम की सूची में है और एक अलग से कौशलता विकास मंत्रालय भी बनाया गया है कुछ हफ्तों से देशभर में हुनर हाटों का आयोजन कर, हर मानव निर्मित कलाओं, वस्तुओं और सेवाओं का प्रदर्शन कर उनका वैश्विक विस्तार करने की रणनीतिक तैयारी की जा रही है जिसका परिणाम हम विज़न 2047, विजन 5 ट्रिलियन डॉलर भारतीय अर्थव्यवस्था, नए भारत की गाथा, नया भारत सहित अनेक विज़न हमने तैयार करके उसपर तीव्रता से आगे बढ़ रहे हैं जिसका दूरगामी परिणाम हम आने वाले वर्षों में जरूर देखेंगे!!!

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि संघर्ष जीवन का मूलमंत्र है। संघर्ष ही जीवन है।

आओ चींटी से मेहनत, बगुले से तरकीब और मकड़ी से कारीगरी की प्रेरणा से सीखकर अपना जीवन सवारें तथा संघर्ष सफ़ल जीवन की कुंजी है, कल तभी अच्छा होगा जब हम उसके लिए आज़ से मेहनत करेंगे!!!

## लग रहा अनुमान !



चल रहा है एक्जिट पोल।
लग रहा अनुमान ।।
मिलनी किसको बागडोर।
आनी हाथ कमान ।।
मनोरंजन भरपूर है।
कुछ घंटों की बात ।।
खुलेगा पिटारा।
बिछी क्या बिसात ।।
सब अपनी रणनीति पर।
कर रहे हैं काम ।।
मेरे वाले सही हैं।
ये आंकड़े तमाम ।।
रख लें थोड़ा धैर्य।
खुल जाएगा राज़ ।।
किसकी संख्या कम?
किसके सर पे ताज ।।

कृष्णेन्द्र राय

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### उत्तर प्रदेश में नयी सरकार सपा की : राजभर

देवरिया। समाजवादी पार्टी (सपा) महासचिव और पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर ने आज यहां दावा किया है कि दस मार्च को सारे एग्जिट गलत साबित हो जायेंगे और अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार उत्तर प्रदेश में बनेगी। श्री राजभर ने 'यूनीवार्ता' से कहा कि तमाम न्यूज चैनलों और एजेंसियों द्वारा किये गये एग्जिट पोल दस मार्च को रद्दी की टोकरी में चले जायेंगे और पूर्ण बहुमत से सपा की नयी सरकार उत्तर प्रदेश में काबिज होगी। एग्जिट पोल सिर्फ मनोवैज्ञानिक बढ़त लेने का प्रयास भर है जो अब चंद घंटों का मेहमान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान,नौजवान और तमाम लोगों ने मंहगाई, बेरोजगारी आदि के मुद्दों पर भाजपा से खिन्न होकर सपा के पक्ष मे अपना मतदान किया है। भाजपा प्रदेश में अपनी तय हार को देखते हुए प्रदेश में हर जिले के एक-दो सीटों पर धांधली कर सकती है,लेकिन उनके इन मंसूबों पर सपा कार्यकर्ता पानी फेरने का काम करेंगे।

### महिला अपराधों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने में यूपी टाप पर

लखनऊ। महिलाओं के खिलाफ अपराध में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल रहा है। गृह विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिलाओं के विरूद्ध अपराध में अपराधियों को सजा दिलाने की अपराध दर वर्ष 2019 में पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर पूरे देश में जहां सर्वाधिक उत्तर प्रदेश में 55.2 प्रतिशत रही। यह दर उत्तराखण्ड में 50.6 प्रतिशत, राजस्थान में 45.5 प्रतिशत, झारखण्ड में 44.7 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 32.3 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 26.5 प्रतिशत एवं पंजाब में 23.1 प्रतिशत रही। यह क्रम लगातार जारी रहा है, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2020 में महिलाओ के विरूद्ध अपराध में अपराधियों को सजा दिलाने की दर पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर पूरे देश में जहां उ0प्र0 में सर्वाधिक 61.0 प्रतिशत रही। जबकि यह दर उत्तराखण्ड में 41.8 प्रतिशत, राजस्थान में 47.5 प्रतिशत झारखण्ड में 51.0 प्रतिशत, बिहार में 43.9 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 37.5 प्रतिशत एवं मध्यप्रदेश में 33.2 प्रतिशत रही। ई-प्रॉसीक्यूशन पोर्टल पर लगभग 70 लाख से अधिक प्रविष्टियों के दर्ज होने के साथ पूरे देश में उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर है। दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश द्वारा 18 लाख प्रविष्टियां एवं तीसरे स्थान पर गुजरात द्वारा 04 लाख प्रविष्टियां दर्ज की गयी है।

### बस्ती में बिना अनुमति सरकारी भवन गिराया, मुकदमा दर्ज

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सुकरौली कुँवर ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन को बिना किसी आदेश के एक व्यक्ति द्वारा जेसीबी लगाकर गिरा देने के मामले में उसके विरुद्ध ग्राम प्रधान द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि परशुरामपुर थाना क्षेत्र में सुकरौली कुँवर की ग्राम प्रधान किरन गुप्ता ने तहरीर देकर कहा है कि बिना किसी आदेश के सुकरौली ग्राम निवासी भग्गन द्वारा जेसीबी लगाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन को पूरी तरह से तोड़ दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है,शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

### गोण्डा में सीएमओ आफिस में आग,कई दस्तावेज स्वाहा

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) कार्यालय परिसर में बने रिकार्ड रूम में मंगलवार को शार्ट सर्किट से आग लग गयी। आग पर कार्यालय में मौजूद कर्मियों ने मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों संग काबू पा लिया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया कई अभिलेख जलकर स्वाहा हो गये। सीएमओ डा.राधे श्याम केसरी ने बताया कि आग से हुई क्षति का आंकलन व जांच कराया जा रहा है।

### प्रियंका के नेतृत्व में लखनऊ की सड़कों पर महिलाओं ने किया मार्च

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मंगलवार को यहां पार्टी की टैग लाइन 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' के साथ महिला मार्च का नेतृत्व किया। प्रियंका के नेतृत्व में महिलाओं का यह मार्च 1090 चौराहे से शुरू होकर बालू अड्डा, डालीबाग और राणा प्रताप मार्ग से गुजरते हुये वीरांगना ऊदा देवी प्रतिमा, सिकंदरबाग़ पर समाप्त हुआ। मार्च मे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की 159 महिला उम्मीदवारों के अलावा समाजसेवी संगठनों समेत हजारों महिलाओं,युवतियों और छात्राओं ने भागीदारी की। करीब तीन किमी लंबे इस मार्च के दौरान महिला सशक्तिकरण की धुन बज रही थी और सैकड़ों गुलाबी रंग के झंडे मार्च की शोभा बढ़ा रहे थे।

### बहराइच में नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन के ठिकानो पर छापेमारी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के नानपारा नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन के घर और प्रतिष्ठानों पर मंगलवार को आयकर विभाग की छापेमारी से हड़कंप मच गया। इनकम टैक्स में हेराफेरी के मामले को लेकर आयकर विभाग की दो टीमों ने कई ठिकानों पर छापा मारा है। आयकर अधिकारियों ने संबंधित दस्तावेज जब्त कर लिया। छापेमारी से इलाके में हड़कंप की स्थिति बनी रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली नानपारा क्षेत्र के कस्बा नानपारा में पूर्व चेयरमैन अब्दुल वहीद का निवास है। जबकि नानपारा नगर के अलग-अलग स्थानों पर पूर्व चेयरमैन की दुकान और गोदाम हैं। मंगलवार को आयकर में अनियमितता की जांच के लिए इनकम टैक्स की दो टीमों ने पूर्व चेयरमैन के घर और प्रतिष्ठानों पर छापा डाला है। आयकर टीम ने लेनदेन समेत अन्य कागज़ात अपने कब्जे में ले लिए हैं। अन्य रिकॉर्ड भी खंगालने में अधिकारी जुटे हैं। इलाके में इनकम टैक्स की टीम पहुंचने से हड़कंप मचा रहा।

### जौनपुर में एक गांव में पड़े दो प्रत्याशियों के लिये वोट

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जलालपुर के रेहारी गांव के मतदाताओं ने केराकत और जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के दो विधायकों को चुनने के लिए सोमवार को अपना वोट डाला। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार परिसीमन के बाद वर्ष 2012 में विकास खंड जलालपुर की इस ग्राम पंचायत को केराकत और जफराबाद दो विधानसभा क्षेत्रों में बांट दिया गया था, तब से यह गांव प्रधान एक और दो विधायक चुनता है, क्योंकि रेहारी ग्राम पंचायत के लोग जिनकी मतदाताओं की संख्या करीब 834 है, केराकत (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र का विधायक चुनने के लिए अपना वोट डालते हैं। दूसरी तरफ इसी गांव के बेला पुरवां के मतदाता जिनकी संख्या करीब 632 है। जफराबाद विधानसभा क्षेत्र का विधायक चुनने के लिए अपना वोट डालते हैं। यह गांव रेहारी और बेला दो पुरवों में बंटा हुआ है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : एतिहासिक इमारतों पर महिलाओं की फ्री एंट्री

**लखनऊ।** दुनियाभर में आठ मार्च का दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर हुसैनाबाद ट्रस्ट और जिला प्रशासन की ओर से महिलाओं को एतिहासिक इमारतों पर निशुल्क इंट्री दी गई। छोटा और बड़ा इमामबाड़ा, पिक्चर गैलरी में महिलाओं ने महिला दिवस मनाया। महिलाओं ने एतिहासिक इमारतों पर खूब मस्ती की। महिलाओं के साथ बच्चों ने भी एतिहासिक धरोहरों का दीदार किया। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि मिशन शक्ति को लेकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को उपहार के तौर पर राजधानी के पर्यटन स्थलों पर महिलाओं के लिए नि:शुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है। महिला शक्ति के सम्मान में अपने प्रबन्धधीन ऐतिहासिक स्मारकों जैसे-बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा और पिक्चर गैलरी में काफी संख्या में महिलाएं पहुंची।

# कानपुर में सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर के बिधनू क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि शिवराजपुर कस्बा निवासी युवक कार में सवार होकर घाटमपुर की ओर जा रहे थे कि तेजीपुरवा रमईपुर गांव के पास एक मिनी ट्रक से भिड़ंत हो गयी। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार की बाडी कटवा कर घायलों को




बाहर निकाला और सीएचसी बिधनू इलाज के लिए पहुंचाया। जहां से डाक्टर ने उन्हें हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

अस्पताल में डाक्टरों ने शिवराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले नितिन चौधरी, अवनीश पाल, संदीप पाल व रामजी पाल को मृत घोषित कर दिया गया जबकि नितिन चौरसिया व दिलीप कुमार की हालत गम्भीर बनी हुई है। डीसीएम चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों का समुचित इलाज कराने के अफसरों को निर्देश दिए हैं।

# भारत रत्न लता मंगेशकर का अस्थिकलश लेकर काशी पहुंचीं उषा मंगेशकर, बीच गंगा में किया प्रवाहित

**वाराणसी।** भारत रत्न लता मंगेशकर की अस्थियां मंगलवार को काशी मेंल बीच गंगा में प्रवाहित कर दी गईं। लता मंगेशकर की बहन उषा मंगेशकर अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ अस्थिकलश लेकर बनारस पहुंचीं। अहिल्याबाई घाट पर पहले वैदिक रीतिरिवाज और पंरपराओं के अनुसार वेद मंत्रों से अस्थि कलश पूजन का कार्य संपन्न कराया गया। इसके बाद अस्थि कलश गंगा में प्रवाहित किया गया। सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर का निधन लंबी बीमारी के बाद 6 फरवरी को मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में हुआ था। अंत्येष्टि के बाद उनकी अस्थियों को गंगा में प्रवाहित करने की बात उनके परिजनों की ओर से कही गई थी। उसी क्रम में लगभग एक माह



बाद मंगलवार को बहन उषा मंगेशकर अपने परिवार के सदस्यों के साथ काशी पहुंची और विधिविधान से पूजापाठ के बाद अस्थि कलश गंगा में प्रवाहित किया।

लता मंगेशकर की अस्थियां लेकर बहन उषा मंगेशकर चार्टर प्लेन से वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पर सुबह नौ बजे पहुंचीं। एयरपोर्ट से सीधे गंगा घाट पहुंच गईं। गंगा मे अस्थिकलश विसर्जन करने के बाद दोपहर 1:05 बजे मुंबई के लिए प्रस्थान कर गईं।

इस दौरान मीडिया से उषा मंगेशकर ने कहा कि काशी सारे जग से न्यारी है लेकिन अफसोस है कि इस दु:ख की घड़ी में काशी आई लेकिन घूम नहीं पाई।

## महिला सशक्तिकरण में इज्जत घर का महत्वपूर्ण योगदान

सोनभद्र। कभी नक्सल प्रभावित जिलों की फेहरिस्त में शामिल पूर्वी उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में इज्जत घर के निर्माण की चर्चा बेहद आम हो चुकी है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जब इज्जत घर का निर्माण हुआ और घर की महिलाए उसका प्रयोग करने लगी तो उनके सम्मान में वृद्धि हुई और सम्मान के साथ ही उनके आत्म सम्मान में भी वृद्धि हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के कोआर्डिनेटर अनील केशरी ने बताया कि भारत की आबादी की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गांव में रहती है जिसका आधा 35 प्रतिशत महिला आबादी है। ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण का कार्य स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा शौचालय बनवाकर शुरू किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण क्षेत्रों में बनाये गये शौचालय का नाम इज्जत घर रख दिया।

शौचालय निर्माण व खुले में शौच बंद करने के लिए हर गांव में निगरानी टीम बनी जिसमे सबसे ज्यादा सहयोग और सहभागिता महिलाओं की थी। आज स्वच्छ भारत के कई नए आयाम बने है जिसको हम महिलाओं के सशक्तिकरण से जोड़ कर पूरा कर सकते है।

क्योंकि सफाई को अपने आयाम तक पहुंचने में महिलाए ही अग्रणी है। गांव में रहने वाली किसी ऐसे महिला को सशक्त नही किया जा सकता जिसको समाज में या घर में सम्मान दिया जाय और वह अग्रणी बने तथा सुबह और शाम को खुले में शौच करने जाए।

## अखिलेश के शैक्षिक गुरू ने खारिज किया एग्जिट पोल

इटावा । समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के शैक्षिक गुरू अवध किशोर बाजपेई उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न समाचार चैनलों पर दिखाये जा रहे एग्जिट पोल को बकवास करार देते हुये कहा कि दस मार्च को मतगणना में समाजवादी पार्टी (सपा) गठबंधन को जनादेश मिलना तय है।

सिविल लाइन इलाके मे रहने वाले अग्रेजी के प्रवक्ता पद से रिटायर हो चुके अव किशोर बाजपेई यूनीवार्ता से कहा मीडिया के एक वर्ग को प्रभावित करके भाजपा के पक्ष मे एग्जिट पोल का प्रचार कराया जा रहा है ताकि सपा कार्यकर्ता हत्तोसाहित हो जाये। सभी सर्वे पूरी तरह से फर्जी प्रतीत हो रहे है। उनके शिष्य अखिलेश ने भाजपा को सत्ता से उतारने के लिए जिस तरह से मेहनत की है उससे साफ है कि उसको उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने से कोई रोक नही सकता है।

अवध किशोर बाजपेई ऐसे चंद ऐसे लोगों में है जिनको अखिलेश यादव सबसे अधिक पंसद करते है। उन्हे अखिलेश यादव को उस समय अंग्रेजी पढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई जब वह पढ़ाई में काफी कमजोर थे। 2012 मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज हो चुके अखिलेश यादव धारा प्रवाह अंग्रेजी मे माहिर खिलाडियो को मात देते है । बाजपेई कहते हैं कि जब साल 2012 में उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की सफलता की खबर सुनकर ऐसा लगा मानो उनकी शिक्षा सफल हो गयी है।

बाजपेई उस दिन को याद करते हैं जब मुलायम सिंह यादव ने सेंट मेरी स्कूल में अखिलेश की पढ़ाने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी थी । इसके बाद बाजपेई ने ही अखिलेश यादव को सैनिक स्कूल के लिए तैयार किया और खुद वर्ष 1983 में अखिलेश यादव को धौलपुर के मिलिट्री स्कूल लेकर के गए। अखिलेश ने छठी क्लास में दाखिले के लिए परीक्षा दी थी बाजपेई याद करते हैं कि प्रिंसिपल ने अखिलेश से अंग्रेजी में पूछा कि हेलमेट का क्या काम है अखिलेश ने बेझिझक होकर अंग्रेजी में जवाब दिया कि यह शरीर की रक्षा के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि मस्तिष्क शरीर का संचालक होता है और हेलमेट मस्तिष्क एक की रक्षा करता है।

12 साल के बच्चे से ऐसा साफ-साफ जवाब सुनकर के प्रिंसिपल ने अखिलेश को तुरन्त दाखिला दे दिया । बाजपेई बताते हैं उस वक्त भी अखिलेश को इस बात का गुरूर नहीं था कि मुलायम सिंह यादव के बेटे हैं बल्कि वो शुरुआत से ही काफी विनम्र थे । खास बात तो यह है कि अखिलेश आज भी बहुत ही विनम्र और मृदुभाषी है । बाजपेई बताते हैं कि वह अक्सर अखिलेश के चाचा शिवपाल सिंह यादव के साथ,जो धौलपुर जाकर उनकी पढ़ाई के संबंध में जानकारी लिया करते थे ।

अखिलेश कक्षा सात में होगे जब शिवपाल और उनकी पत्नी धौलपुर छोडने के लिए गये तो अखिलेश ने ताजमहल देखने के इच्छा जताई जिसकी तस्वीर आज भी सुरक्षित रखी हुई है। बाजपेई के पास अखिलेश यादव का वो अंर्तरदेशी पत्र आज भी यथावत रखा हुआ है जो अखिलेश यादव ने धौलपुर से अपने शैक्षिक गुरू अवध किशोर बाजपेई को क्लास मे प्रमोशन के बाद लिखा था ।

अवध किशोर ने बताया कि कक्षा छह में अखिलेश का चयन धौलपुर सैनिक स्कूल में हो गया था।

बाद के दिनों में संभवत मुलायम सिंह के राजनीति में होने के चलते अखिलेश ने भी राजनीति में पदार्पण किया, नहीं तो आज वे भारतीय सेना में जनरल होते । उनका कहना है कि अखिलेश का कद ही उनकी गुरु दक्षिणा है।

## सोनभद्र : सपा ने पकड़ी स्ट्रांग रूम परिसर में जा रही मतपेटी और मतपत्र लदी गाड़ी, जमकर हंगामा, अधिकारी पहुंचे

**सोनभद्र ।** सोनभद्र के घोरावल में बने मतगणना केंद्र परिसर में मतपेटी और मतपत्र लदी गाड़ी पहुंचने पर हंगामा खड़ा हो गया। सपाइयों ने प्रशासन पर पोस्टल बैलेट बदलने और हेराफेरी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी और प्रदर्शन शुरू कर दिया। गाड़ी को भी मौके पर ही रोक लिया गया।

हंगामा बढ़ने पर पहुंचे एसडीएम ने सपाइयों को समझाने की कोशिश की और प्रत्याशियों को बुलाकर वहां बने स्ट्रांग रूम में लगी सील आदि दिखाई। इसके बाद भी सपाई मानने को तैयार नहीं हुए और धरना प्रदर्शन चलता रहा। घोरावल विधानसभा क्षेत्र का स्ट्रांग रूम पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाया गया है। यहां सोमवार को मतदान होने के बाद सभी ईवीएम देर रात जमा हो गईं और कमरों को सील कर दिया गया



था। इसी बीच मंगलवार की दोपहर एसडीएम लिखी टाटा सुमो के साथ एक पिकप पॉलिटेक्निक कॉलेज में जाती दिखाई दी।

कॉलेज के बाहर पहले से रखवाली के लिए मौजूद सपाइयों ने दोनों गाड़ियों को रोक लिया। सपा जिलाध्यक्ष विजय यादव का कहना है कि एसडीएम लिखी गाड़ी के अंदर मतपेटी और मतपत्र दोनों थे। जबकि पीछे चल रही पिकअप पर कई बोरों में मतपत्र लदे हुए थे।

मतपत्र देखते ही सपाइयों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने सपाइयों को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मानें। हंगामा बढ़ने पर एसडीएम खुद मौके पर पहुंचे और समझाने की कोशिश की लेकिन सपाई नहीं मानें। इसके बाद अन्य प्रत्याशियों को भी बुलाकर स्ट्रांग रूम का सील दिखाया गया।

इसके बाद भी सपाइयों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। सपा जिलाध्यक्ष विजय यादव ने मांग की कि उन्हें स्ट्रांग रूम के बाहर जगह दी जाए ताकि ईवीएम और वहां रखी मतपेटियों की रखवाली की जा सके। सपा जिलाध्यक्ष के अनुसार एसडीएम का कहना है कि चालक गलती से वहां मतपेटी और मतपत्र लेकर पहुंच गया था।

वहीं, घोरावल के एसडीएम रमेश कुमार का कहना है कि ईवीएम में लगाने वाले मतपत्र जमा करने के लिए वाहन जा रहा था। साथ में चुनाव से जुड़ी स्टेशनरी थी। उसे सपा कार्यकर्ताओं ने रोका। प्रत्याशियों को स्ट्रांग रूम दिखा दिया है। कहीं कुछ गलत नहीं है।

## पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, तीन लोगों की मौत

**ललितपुर।** ललितपुर में एक तेज रफ्तार कार खिरियालटकंजू के अजान तिराहे के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। भीषण हादसे में कार के परखचे उड़ गए, इसमें सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके तीन साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सीएचसी महरौनी ले जाया गया। यहां से उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया।

महरौनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में फार्म हाऊस पर काम करने वाले सगे भाई दिनेश (30) व महेश (25) अपने बहनोई मवई गिर्द झांसी निवासी रोहित राजपूत (35), नैनवारा के रविराजा (20) व सैदपुर के रामकिशोर (35) और मनीष (27) के साथ कार से झांसी जाने के लिए निकले थे। अजान तिराहा के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। तेज आवाज सुन आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण व राहगीर मौके पर पहुंचे।

सूचना मिलते ही महरौनी पुलिस और एंबुलेंस भी पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार के अंदर फंसे युवकों को बाहर निकाला। तब तक दिनेश, रविराजा व रामकिशोर की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल महेश, मनीष व रोहित को अस्पताल भेजा गया।

पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। फार्म हाउस के कर्मचारियों ने बताया हादसे से पहले सभी ने वहां पार्टी की थी। वहां से निकलने पर कार कई बार लहराई भी थी।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में अप्रैल से शुरू होगा प्रवेश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ ही सम्बद्ध कॉलेजों में नए सत्र 2022-23 की प्रवेश प्रक्रिया में देरी होना तय है। पिछले वर्ष सात मार्च प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई थी लेकिन इस वर्ष नए शैक्षिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया के लिए अभी तक कोई भी सूचना नहीं आयी है। विश्वविद्यालय में अभी परीक्षाएं जारी है। प्रवेश प्रक्रिया पर पहली बैठक भी नहीं हुई है।

माना जा रहा है है कि होली के बाद एलयू प्रवेश समिति की बैठक कर अप्रैल माह से प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। मई तक आवेदन प्रक्रिया होगी और जून में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा सकती है। विश्वविद्यालय के सामने एक बार फिर 12 वीं की परीक्षाएं देर से शुरू होने और देर से परीक्षा परिणाम आने की समस्या होगी। क्योंकि सीबीएसई और सीआईएसई की परीक्षा अप्रैल के आखिरी में शुरू होनी है। वहीं यूपी बोर्ड ने परीक्षा कार्यक्रम जारी नहीं किया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय जेईई और नीट की परीक्षा की तारीखों को भी प्रवेश परीक्षा की तिथियों को तय करते समय ध्यान में रखना होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय में तकरीबन 45 हजार प्रवेश आवेदन हर साल आते हैं। नेशनल पीजी कॉलेज नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया की तैयारियों के लिए समिति की बैठक मंगलवार को होगी। प्राचार्य देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि समिति की बैठक में शैक्षिक कलेण्डर को अन्तिम रूप दिया जाएगा। प्रवेश कब से शुरू होगा और और कब तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी इसकी रूपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही ये भी तय किया जाएगा कि प्रवेश परीक्षा होगी या मेरिट से प्रवेश लिए जाएंगे।

### आजम खां को हाईकोर्ट से मिली जमानत

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव की वोटिंग खत्म होने के एक दिन बाद ही पूर्व मंत्री और सपा सांसद आजम खां को राहत मिली है। लखनऊ में उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में मंगलवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच से उन्हें जमानत मिल गई। हालांकि फिर भी वो अभी जेल में ही रहेंगे क्योंकि उनके खिलाफ दो मामलों में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की एकल पीठ ने आजम खां को जमानत देने का का निर्देश दिया। आजम खां के खिलाफ आईपीसी की धारा 505 (2) में चार्जशीट दाखिल हुई है। कोर्ट ने समाजवादी पार्टी आजम खां को सरकारी जमीन हड़पने के एक मामले में जमानत दे दी है। जमानत मिलने के बाद भी वह अभी भी सीतापुर की जेल में बंद रहेंगे। बता दें कि आजम खां बीते दो सालों से सीतापुर की जेल में बंद हैं।

## यूपी चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के 2145 केस दर्ज, 103 करोड़ कैश बरामद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान खत्म होने के साथ ही अब सबकी नजरें 10 तारीख पर टिकी हुई हैं। इस दिन पता चलेगा की प्रदेश में किसकी सरकार बनेगी। लेकिन आपको बता दें कि यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान दो हजार के अधिक आचार संहिता के उल्लंघन की एफआईआर दर्ज हुई है। इतनी ही नहीं, पुलिस ने इस दौरान 100 करोड़ से अधिक कैश और 60 करोड़ से अधिक की अवैध शराब बरामद की है।

राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए कुल 2,145 प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके अलावा आठ जनवरी को चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से 103.56 करोड़ रुपये नकद, 48.47




करोड़ रुपये की 17,640 किलोग्राम ड्रग्स और 62.13 करोड़ रुपये की 22.94 लीटर से अधिक शराब जब्त की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि सीआरपीसी के प्रावधानों के तहत राज्य भर में 32.99 लाख लोगों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की गई, जबकि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए विभिन्न धाराओं के तहत 2,145 प्राथमिकी दर्ज की गईं, जिनमें से 49 को विभिन्न धाराओं के तहत 7 मार्च को दर्ज की गई हैं।

आदर्श कोड चुनाव आयोग द्वारा राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, सरकार और चुनाव के दौरान सत्ता में पार्टी के लिए भाषणों, घोषणाओं, चुनाव घोषणापत्र और सामान्य आचरण से संबंधित दिशा-निर्देशों का एक समूह है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एक बयान में कहा कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में अब तक सार्वजनिक और निजी स्थानों से कुल 1.38 करोड़ प्रचार सामग्री हटाई गई है। उन्होंने बताया कि अब तक 8.96 लाख लाइसेंसी हथियार जमा किए जा चुके हैं, 2080 लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं, जबकि 631 लाइसेंस जब्त किए जा चुके हैं। अजय कुमार ने बताया कि इसके अलावा 10,233 हथियार; 10,582 कारतूस; 232 विस्फोटक और 336 बम जब्त किए गए, जबकि अवैध हथियार बनाने वाली 186 फैक्ट्रियों का पुलिस ने सात मार्च तक भंडाफोड़ किया।

## बिना आधार प्रमाणीकरण के रुकेगी 54 लाख वृद्धजनों की पेंशन

लखनऊ। लाखों गरीब वृद्धजनों की स्वास्थ्य व सामाजिक जरूरतों की पूर्ति के लिए मिलने वाली पेंशन पर अगले वित्तीय वर्ष में संकट खड़ा हो सकता है। क्योंकि बिना आधार प्रमाणीकरण के अप्रैल से शुरू हो रहे नए वित्तीय वर्ष (2022-23) में वृद्धजनों की पेंशन का भुगतान रुक सकता है। प्रदेश में अभी तक दो फीसद पेंशनधारकों ने ही आधार प्रमाणीकरण कराया है।

### 54.5 लाख पेंशनर्स का नहीं हुआ प्रमाणीकरण

प्रदेश में मौजूदा समय में करीब 56 लाख वृद्धावस्था पेंशनधारक हैं। इनमें से अब तक 1.15 लाख पेंशनधारकों का आधार प्रमाणीकरण हुआ है। 54.85 लाख बुजुर्गों का आधार प्रमाणीकरण बाकी है। इनमें से लखनऊ के 93632 पेंशन लाभार्थियों में से मात्र 2300 ने आधार लिंक कराया है।

### आधार के जरिए पेंशन भुगतान की तैयारी

अगले वित्तीय वर्ष से वृद्धावस्था पेंशन का आधार बेस्ट भुगतान किया जाएगा। यानी की पेंशनर्स का भुगतान आधार के जरिए होगा। इस दशा में जिन पेंशनधारकों को आधार प्रमाणीकरण नहीं होगा उनकी पेंशन रूकेगी। वहीं पेंशन लाभार्थियों को अपने बैंक खाते से आधार सीडिंग भी करानी होगी।

### सीएससी से करा सकते हैं

### आधार प्रमाणीकरण

वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी अपने नजदीकी सीएससी (जन सुविधा केन्द्र) पर जाकर समाज कल्याण के एकीकृत समाजिक पेंशन पोर्टल (sspy-up.gov.in) में आधार प्रमाणीकरण करा सकते हैं। लाभार्थी समाज कल्याण के दफ्तर व स्वयं ही मोबाइल व कम्प्यूटर के जरिए भी आधार प्रमाणीकरण कर सकते हैं।

निदेशक समाज कल्याण राकेश कुमार बताते हैं कि अगले वित्तीय वर्ष से पेंशन की आधार बेस्ट पेमेंट की तैयारी है। इसमें करीब चार माह लगेगा। इसलिए अगर लाभार्थियों का प्रमाणीकरण व आधार लिंक नहीं होगा तो पेंशन रुक सकती है।

## शार्ट न्यूज

### एपल ने रूस में आईफोन बेचना बंद किए : इससे कंपनी को एक दिन में 24 करोड़ रुपए का नुकसान होगा

**नई दिल्ली।** एपल ने यूक्रेन और रूस जंग के बीच रूस के मार्केट में अपने प्रोडक्ट बेचने से मना कर दिया। जिसकी वजह से आईफोन के सेल्स रेवेन्यू में हर दिन कम से कम 3 मिलियन (करीब 24 करोड़ रुपए) और सालाना 1.14 बिलियन डॉलर (करीब 8769 करोड़ रुपए) का नुकसान हो सकता है। लिथुआनिया स्थित ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल बर्गा के अनुमानों के मुताबिक, यह अमाउंट एपल का रूसी बाजार में हासिल हिस्सेदारी और कंपनी के 2021 तक बिक्री से रेवेन्यू पर आधारित है। एपल का रूस पर बिकने वाले स्मार्टफोन की बिक्री का 15त्न हिस्सा है, जो ओवरऑल बिक्री के तीसरे स्थान पर है। दक्षिण कोरिया का सैमसंग 34 प्रतिशत के साथ टॉप पर है और शाओमी 26 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। बर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक रियलमी की हिस्सेदारी 8 प्रतिशत है, इसके बाद पोको की 3 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि दूसरे छोटे ब्रांडों की हिस्सेदारी 14 प्रतिशत है। 2021 तक, रूस की स्मार्टफोन की बिक्री 730 बिलियन (करीब 57 लाख करोड़ रुपए) थी। पिछले कुछ सालों में रूस की सामान्य स्मार्टफोन सेल्स रेवेन्यू में लगातार ग्रोथ को देखते हुए एपल का रेवेन्यू ज्यादा हो सकता है। रूस में एपल का रेवेन्यू 7 साल में 200 प्रतिशत बढ़ा 2020 तक इसका रेवेन्यू 5.93 बिलियन डॉलर था, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 5.2 बिलियन डॉलर था। कुल मिलाकर, 2014 और 2021 के बीच, यह आंकड़ा लगभग 200 प्रतिशत बढ़ गया है। रूस पर एपल के फैसले के बाद, इस कदम ने सैमसंग जैसे अन्य ब्रांड्स पर दबाव डाला है जिन्होंने देश में प्रोडक्ट्स की शिपिंग बंद कर दी है।

### अमेज़न पर होली शॉपिंग स्टोर

नयी दिल्ली। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉटइन पर विशेष रूप से तैयार 'होली शॉपिंग स्टोर' की शुरूआत की गयी है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि स्टोर को हर्बल रंगों और पिचकारी, फैशन एंड ब्यूटी से जुड़े उत्पाद, सुरक्षा से जुड़े उत्पाद, पूजा से जुड़ी जरूरी वस्तुओं, वाटरप्रूफ गैजेट्स, एक्सेसरीज आदि जैसी ग्राहकों की होली से जुड़ी सभी तरह की खरीदारी की जरूरतें पूरी करने के लिए एक मात्र स्थान के रूप में डिजाइन किया गया है। ग्राहक यहां शाओमी, वनप्लस, मेबेलीन, शुगर कॉस्मेटिक्स, किंडल, गोप्रो, सैमसंग, सोनी, सोलफ्लॉवर, बिकानो, अन्वेषन, पेपरबोट, डव, निविया, एरियल, बीबा, लिवाइज, बाटा, मदर डेयरी, प्रेस्टीज आदि जैसे बड़े ब्रांडों पर बचत कर सकते हैं। अमेज़न के नवीनतम उत्पाद जैसे किंडल 10 वीं पीढ़ी, एलेक्सा के साथ स्मार्ट स्पीकर और फायर टीवी स्टिक भी उपलब्ध हैं।

### नाहक मोटर्स ने लॉन्च किया एक्ज़िटो सोलो ई-मोपेड

नयी दिल्ली। ई-मोबिलिटी कंपनी नाहक मोटर्स ने भारत में निर्मित ई-मोपेड एक्ज़िटो सोलो को लॉन्च करने की घोषणा की है जिसकी कीमत 85,999 रुपये है। कंपनी का दावा है कि इसे चलाने की लागत मात्र 25 पैसा प्रति किलोमीटर पड़ती है। नाहक मोटर्स अप्रैल 2022 से इसकी डिलीवरी शुरू करेगा। एक्ज़िटो सोलो गांवों एवं शहरों में हर तरह की सड़कों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह ई-मोपेड 150 किलोग्राम तक वज़न ले जा सकती है। इसकी बैटरी एक बार चार्ज करने के बाद 80 किलोमीटर तक चलती है। इसे पूरी तरह से चार्ज होने में 5 घण्टे लगते हैं और इसके चार्जर को घर के नियमित पावर सॉकेट में भी प्लग किया जा सकता है। ई-मोपेड के बारे में बात करते हुए कंपनी के अध्यक्ष डॉ प्रभात नाहक ने कहा , ''हम भारत की नंबर 1 ई-मोबिलिटी कंपनी है, भारत में ईवी वाहनों के सबसे ज़्यादा वेरिएन्ट्स हमारे पास हैं। आने वाले समय में पेट्रोल और डीज़ल की कीमतें लगातर बढ़ती रहेंगी। ऐसे में परिवहन की लागत बढ़ने से छोटे कारोबारों पर सबसे ज़्यादा असर होगा। इन कारोबारियों को परिवहन के सस्ते साधन उपलब्ध कराने के लिए हमने 100 फीसदी भारत में निर्मित ई-मोपेड़ एक्ज़िटो सोलो का लॉन्च किया है। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण के अनुरूप भी है। हम देश भर में अपने शोरूमों में इसे उपलब्ध कराएंगे। हालांकि, आप हमारी वेबसाईट पर ऑनलाईन भी इसे बुक कर सकते हैं।

### होंडा ने 1700 से अधिक महिलाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक

नयी दिल्ली। देश भर की महिलाओं को सड़कों पर आज़ादी और आत्मविश्वास के साथ राइडिंग का आनंद उठाने के लिए सशक्त बनाने के प्रयास में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज देश भर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया जिसमें 1700 से अधिक महिलायें शामिल हुयी। इस साल के अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की ग्लोबल थीम ब्रेक द बायस को ध्यान में रखते हुए एचएमएसआई ने अपने डिजिटल 'होण्डा सड़क सुरक्षा ई-गुरुकुल' एवं क्लासरूम ट्रेनिंग सत्रों के माध्यम से देश भर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान ने न सिर्फ नई एवं मौजूदा महिला राइडरों/ ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा के महत्व पर शिक्षित किया बल्कि अन्य महिलाओं को दोपहिया/ चार पहिया चलाने के लिए प्रोत्साहित किया। देश भर के 17 शहरों में महिला दिवस के मौके पर इस विशेष अभियान का आयोजन दो-तरफ़ा दृष्टिकोण के साथ किया गया। एचएमएसआई के 10 ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्कों में यह आयोजन हुआ, जहां 1100 से अधिक महिलाओं को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई।

### नीता अंबानी ने महिलाओं के लिए 'हर-सर्कल' हिंदी में किया लॉन्च

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी ने आज हर-सर्कल के हिंदी ऐप को लॉन्च किया। हर-सर्कल महिलाओं के लिए एक खास प्लटफॉर्म है, जो महिला सशक्तिकरण के लिए काम करता है। एक वर्ष पूर्व लॉन्च किए गए इस प्लेटफॉर्म ने पहले ही वर्ष में 4 करोड़ 20 लाख से अधिक लोगों तक अपनी पहुंच बनाई है। यह भारत में महिलाओं के बीच सबसे तेजी से बढ़ता डिजिटल प्लेटफॉर्म है। हर-सर्कल हिंदी ऐप के लॉन्च के मौके पर नीता अंबानी ने कहा किसी भी क्षेत्र और भाषा की महिलाओं के लिए हर-सर्कल एक उभरता हुआ प्लेटफॉर्म है। मैं चाहती हूं कि हमारी पहुंच और समर्थन बिना रूकावट के बढ़ता रहें। अधिक से अधिक महिलाओं तक उनकी भाषा में पहुंचने के लिए, हम सबसे पहले हर सर्कल को हिंदी में लॉन्च कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि इसे उतना ही प्यार मिलेगा, जितना अब तक अंग्रेजी प्लेटफॉर्म को मिला है। इसको लेकर जारी बयान में कहा गया है कि हर-सर्कल ने डिजिटल नेटवर्क का उपयोग कर हजारों महिलाओं के लिए सटीक करियर और रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। इस पर पेशेवर मेकअप आर्टिस्ट, फ़ूड स्टाइलिस्ट, फ़िटनेस ट्रेनर, डॉग ट्रेनर, रेडियो जॉकी जैसे करियर के बारे में बेहतरीन जानकारियां उपलब्ध हैं। हर-सर्कल नेटवर्क को 30,000 पंजीकृत उद्यमियों का समर्थन भी हासिल है। हर-सर्कल को महिलाओं से संबंधित सामग्री प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में डिज़ाइन किया गया है। नेटवर्क से जुड़ी महिलाएं सर एचएन रिलायंस अस्पताल के चिकित्सा और विशेषज्ञों के नेटवर्क पर मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक फिटनेस, त्वचा की देखभाल, स्त्री रोग संबंधी परामर्श ले सकती हैं। इस सेवा से हजारों महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। फिटनेस और पोषण, प्रजनन क्षमता, गर्भावस्था के साथ-साथ वित्तिय जरूरतों के लिए पर्सनलाइज्ड ट्रैकर्स का 1.50 लाख से अधिक लोगों ने मुफ्त इस्तेमाल किया है। हालांकि वीडियो से लेकर लेख सामग्री सभी के लिए खुली है परंतु मंच का सोशल नेटवर्किंग हिस्सा केवल महिलाओं के लिए है। ताकि वे बिना किसी हिचकिचाहट के साथियों या विशेषज्ञों से सवाल पूछ सकें। हर-सर्कल में महिलाओं के लिए एक गोपनीय चैट रूम की भी व्यवस्था है। जहां वे बेहद निजी सवाल जवाब कर सकती हैं। इस प्लेटफॉर्म पर रिलायंस के हेल्थ, वेलनेस, एजुकेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, फाइनेंस और लीडरशिप के विशेषज्ञ जवाब देते हैं। महिलाओं को अपस्किलिंग और जॉब सेक्शन से नए प्रोफेशनल स्किल्स खोजने में मदद मिलती है।

# शेयर बाजार में गिरावट पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स 581 अंक और निफ्टी 150 अंक चढ़ा

**एजेंसी**

**मुंबई।** रूस यूक्रेन संकट के कारण लगातार चार दिनों की गिरावट से उबरते हुये आज घरेलू शेयर बाजार बढ़त बनाने में कामयाब रहा और इस दौरान सेंसेक्स 581 अंक और निफ्टी 150 अंक चढ़ गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 581.34 अंकों की तेजी के साथ 53424.09 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 150.30 अंक चढ़कर 16013.45 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 1.46 प्रतिशत बढ़कर 22431.02 अंक पर और स्मॉलकैप 1.39 प्रतिशत चढ़कर 26021.90 अंक पर रहा।

बीएसई में धातु 1.94 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.98 प्रतिशत, एनर्जी 0.29 प्रतिशत और बेसिक मटेरियल्स 0.11 प्रतिशत की गिरावट में रहा जबकि रियल्टी 3.19 प्रतिशत, आईटी 2.44 प्रतिशत, टेक 2.33 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स 1.22 प्रतिशत, वित्त 1.10 प्रतिशत और बैंकिंग 0.86प्रतिशत की बढ़त में रहा।



बीएसई में कुल 3427 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2243 बढ़त में और 1085 गिरावट में रहे जबकि 99 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर जर्मनी के डैक्स की 0.78 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहे जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.12 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.71 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.39 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 2.35 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का सेंसेक्स 412 अंकों की गिरावट लेकर 52430.06 अंक पर खुला।

शुरूआती कारोबार में ही यह 52260.82 अंक के निचले स्तर तक उतरा लेकिन इसके बाद शुरू हुयी लिवाली के बल पर यह 53484.26 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस के 52842.75 अंक की तुलना में 581.34 अंक अर्थात 1.10 प्रतिशत बढ़कर 53424.09 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 24 हरे निशान में जबकि छह लाल निशान में रही।

एनएसई का निफ्टी भी 116 अंकों की गिरावट लेकर 15747.75 अंक पर खुला।

सत्र के दौरान यह 16028.75 अंक के उच्चतम और 15671.45 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 15863.15 अंक की तुलना में 0.95 प्रतिशत अर्थात 150.30 अंक चढ़कर 16013.45 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 37 हरे निशान में और 13 लाल निशान में रही।

# देश की प्रगति में वित्तीय संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण : पीएम मोदी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत की प्रगति में इसके वित्तीय संस्थानों की सहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है।

मोदी ने आर्थिक वृद्धि और अकांक्षा की अर्थव्यवस्था के वित्त पोषण विषय पर बजट पश्चात एक ऑनलाइन संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे व्यवहारिक वित्तीय मॉडलों के निर्माण की जरूरत है, जो देश में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को प्रोत्साहित कर सके और दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व में सबसे बड़ी महामारी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था गति पकड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार के वित्तीय निर्णयों और अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद के कारण हो रहा है।

मोदी ने कहा, भारत की प्रगति को 21वीं शताब्दी में और अधिक गतिवान बनाने के लिए प्राथमिकता वाले सभी क्षेत्रों के लिए वित्त पोषण के व्यवहारिक मॉडल बनाने की आवश्यकता है। भारत की अकांक्षाओं और जिस दिशा में आगे बढ़ना चाहता है उसे देखते हुए वित्तीय संस्थाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान इसलिए लागू किया है ताकि दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता कम हो सके। उन्होंने कहा, ऐसे हालात में हमें उन परियोजनाओं के वित्त पोषण के लिए अलग-अलग वित्तीय मॉडल विकसित करने की जरूरत है जो दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता को कम करने वाली हैं।

मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति वृहद योजना के क्रियान्वन की सफलता में वित्तीय संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण होने जा रही है।

मोदी ने बजट 2022-23 के बारे में कहा कि इसमें आर्थिक वृद्धि को और अधिक गति देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इनमें विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ाने, बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश पर कर का बोझ कम करने, एनआईआईएफ, गिफ्ट सिटी और नए विकास वित्त संस्थानों (डीएफआई) के गठन जैसे कदम शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें 8-10 ऐसे क्षेत्र चुनने चाहिए जहां भारत दुनिया की तीन प्रमुख ताकतों में गिना जा सके। इन क्षेत्रों की कंपनियों को वित्तीय संस्थानों से मदद की जरूरत होगी। भारत ने ड्रोन, अंतरिक्ष और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों को निजी निवेश के लिए खोल दिया है।

उन्होंने कहा, भारत में युवाओं के लिए काम करने के विशाल अवसर और संभावनाएं हैं।

हमें ऐसे क्षेत्रों में भारत को दुनिया के प्रमुख तीन देशों की श्रेणी में पहुंचाने का प्रयत्नशील रहना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) प्रचलित करने की योजना का भी जिक्र किया और कहा कि यह हमारी सोच को दर्शाता है।

मोदी ने कहा, यदि हम उद्दमशीलता को प्रोत्साहित करेंगे तभी हमारे स्टार्टअप फलेंगे-फूलेंगे। उन्होंने इसी समझ में नव प्रवर्तन और नए व्यवसायिक क्षेत्रों पर ध्यान देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि नई पहलों के वित्त पोषण और मजबूत जोखिम प्रबंध के बारे में वित्तीय क्षेत्र को नए विचारों और वित्त पोषण के नए तरीकों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

वर्ष 2070 तक भारत की ओर से कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मोदी ने कहा कि इस लक्ष्य के लिए हरित पर्यावरण अनुकूल योजनाओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की संभावनाओं की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वित्त पोषण के जरिए उसे और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें अपनी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में विशाल संभावना को पहचानना होगा। हमारा कृषि क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

मोदी ने कहा कि ग्रामीण भारत को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ने और गांव की जरूरत के हिसाब से वित्तीय समावेशन की योजनाएं और उत्पाद विकसित करने की जरूरत है।

# एमईआईएल ने की विशेषीकृत रिग ओएनजीसी डिलीवर

**नयी दिल्ली।** मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) ने राजमुंदरी के भीमावरम में तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) को तेल और गैस की संभावनाओं को कवर करते हुए 2,000-एचपी भूमि ड्रिलिंग रिग डिलीवर की है।

कंपनी ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि यह क्षेत्र पूर्व और पश्चिम गोदावरी जिले में स्थित है। यह एक अत्याधुनिक स्वदेशी तेल रिग है जिसमें दुनिया में नवीनतम और सर्वश्रेष्ठ श्रेणी की विशेषताएं हैं। यह 2,000-एचपी रिग 3,000-एचपी पारंपरिक रिग के बराबर प्रदर्शन दे सकता है।

यह स्वदेशी रिग सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है, और यह 6,000 मीटर की गहराई तक ड्रिल कर सकता है। अब तक एमईआईएल ने 10 भूमि ड्रिलिंग रिगों की आपूर्ति की है। जबकि उनमें से तीन पहले से ही चालू हैं, अन्य सात रिग स्थापना और कमीशनिंग के अंतिम चरण में हैं और ये रिग विभिन्न तटवर्ती ओएनजीसी क्षेत्रों में 4-5 सप्ताह में चालू हो जाएंगे।

एमईआईएल ने मेहसाणा, अहमदाबाद, अंकलेश्वर, अगरतला और शिबसागर ओएनजीसी क्षेत्रों को पांच वर्कओवर रिगों की पहली खेप की आपूर्ति की है।

ये पहली खेप पांच रिग परिचालन के लिए तैयार हैं। 5 रिग का दूसरा लॉट भी



निर्माण के उन्नत चरण में है। एमईआईएल को प्रतिस्पर्धी बोली में ओएनजीसी से 47 रिगों का ऑर्डर मिला। इनमें से 20 वर्कओवर रिग हैं, और 27 भूमि ड्रिलिंग रिग हैं। 20 वर्कओवर रिग में 50-एमटी क्षमता के 12 शामिल हैं, चार रिग 100 मीट्रिक टन के हैं, और शेष चार में 150-एमटी की क्षमता है।

27 भूमि ड्रिलिंग रिगों में से दो 1,500 एचपी की क्षमता वाले मोबाइल हाइड्रोलिक रिग हैं, और 17 एसी वीएफडी रिग हैं जिनकी क्षमता 1,500 एचपी है। छह अन्य एसी वीएफडी रिग हैं जिनकी क्षमता 2,000 एचपी है, और दो अन्य 2,000 एचपी के एचटी वीएफडी रिग हैं।

एमईआईएल असम (सिबसागर, जोरहाट), आंध्र प्रदेश (राजमुंदरी), गुजरात (अहमदाबाद, अंकलेश्वर, मेहसाणा और खंभात), त्रिपुरा (अगरतला) और तमिलनाडु (कराइकल) में ओएनजीसी की परिसंपत्तियों के लिए सभी रिगों का निर्माण और आपूर्ति करेगा।

# आईआईटी रुड़की में पेटास्केल सुपरकंप्यूटर 'परम गंगा' स्थापित

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन ने अपनी सफलता की निरंतर यात्रा के हिस्से के रूप में अब 1.66 पेटाफ्लॉप्स की सुपरकंप्यूटिंग क्षमता के साथ आईआईटी रुड़की में एक सुपर कंप्यूटर 'परम गंगा' को स्थापित करने की घोषणा की है। आज यहां जारी आधिकारिक बयान के अनुसार यह मिशन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित तथा सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग और भारतीय विज्ञान संस्थान द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। इस मिशन ने काफी प्रगति की है। इस मिशन के चार प्रमुख स्तम्भ हैं जिनके नाम बुनियादी ढांचा, अनुप्रयोग, अनुसंधान एवं विकास, मानव संसाधन विकास हैं। ये स्तम्भ देश के स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग इकोसिस्टम को विकसित करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कुशलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। यह प्रणाली एनएसएम की चरण-2 की निर्माण पहुंच के तहत सी-डैक द्वारा डिजाइन और चालू की गई है। इस प्रणाली के निर्माण में उपयोग किए जाने वाले अधिकांश घटकों को सी-डैक द्वारा स्वदेशी सॉफ्टवेयर स्टैक के साथ भारत में निर्मित और असेंबल किया गया है। इस प्रकार के सुपरकंप्यूटर की उपलब्धता से आईआईटी रुड़की और उसके आसपास के शैक्षणिक संस्थानों के उपयोगकर्ता समुदाय को कम्प्यूटेशनल शक्ति प्रदान करने पर ध्यान देते हुए विज्ञान और इंजीनियरिंग के बहु-विषयी क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

# आरबीआई ने फीचर फोन पर यूपीआई की सुविधा प्रस्तुत की

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फीचर फोन के जरिए बिना इंटरनेट कनेक्शन के डिजिटल भुगतान की सुविधा शुरू की है। आरबीआई गवर्नर डॉ. शक्तिकांत दास ने मंगलवार को यूपीआई123पे नाम की इस सुविधा का उद्घाटन किया जिसके अंतर्गत ग्राहक तीन चरण के प्रक्रिया अपनाते हुए सुरक्षित तरीके से डिजिटल भुगतान कर सकते हैं।

इस सुविधा से देश में स्मार्ट फोन और समान्य फोन का उपयोग करने वाले ग्राहक डिजिटल लेन-देन की सुविधा के अवसर के मामले में बराबरी पर आ गए हैं और इससे भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इस सुविधा के शुरू होने से देश में उन 40 करोड़ लोगों को डिजिटल भुगतान की सुविधा मिल सकती है जो अभी फीचर फोन का ही इस्तेमाल करते हैं।



आरबीआई गवर्नर ने नयी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सेवा को जारी करते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान प्रणाली को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्रीय बैंक द्वारा पिछले तीन सालों में 50 कदम उठाए गए हैं। इनमें विभिन्न प्रणालियों के बीच संयोजन (इंटरऑपरेटिब्लिटी), टोकनीकरण, कार्डों पर स्विच ऑन-ऑफ सुविधा, पूरी ना होने वाले सौदों के पलटने के समय अवधि घटाने और आरटीजीएस एवं एनईएफटी जैसी सुविधाओं को सातों दिन, चौबीसों घंटे करने जैसी पहल शामिल हैं।

डॉ. दास ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार हुआ है। इस सफलता में यूपीआई की बड़ी भूमिका रही है, जिसमे फरवरी 2022 में 8.26 लाख करोड़ रुपए के 453 करोड़ सौदे हुए हैं। यह संख्या बीते वर्ष इसी माह की तुलना में दोगुनी है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि अब वो दिन दूर नहीं जब हम सभी सेवा एवं समाधान प्रदाताओं, एनपीसीआई(नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) और रिजर्व बैंक के अपने साथियों के सहयोग से यूपीआई पर 100 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन के लक्ष्य तक पहुंच चुके होंगे।

भारत में 118 करोड़ मोबाइल फोनधारक हैं, इनमें से 74 प्रतिशत स्मार्ट फोन वाले हैं। स्मार्ट फोन रखने वाले इंटरनेट के जरिए विभिन्न प्रकार की डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं, जबकि फीचर फोन पर इसके विकल्प सीमित हैं।

इस नयी सेवा के उद्घाटन के अवसर पर आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबि शंकर ने कहा कि पहले भी फीचर फोन से डिजिटल भुगतान किया जा था, लेकिन उसकी प्रक्रिया उबाऊ थी इसलिए वह लोकप्रिय नहीं हो सकी थी। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गयी सेवा 'यूपीआई123पे' में चार अलग-अलग तकनीके अपनायी गयी हैं। जिसमें आईवीआर (फोन से मौखिक निर्देश), एप जैसे कार्य, नजदीक से आवाज के आधार पर भुगतान और मिस्ड कॉल का तरीका शामिल है।

इसके साथ ही गवर्नर ने आज 'डिजिसाथी' नाम से एक ओर सेवा जारी की है, जो उपभोक्ताओं को डिजिटल भुगतान, उत्पादों और सेवाओं की जानकारी के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध हेल्पलाइन है।

# 124 वें दिन भी स्थिर रहे पेट्रोल और डीजल के दाम, अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी

नयी दिल्ली। रूस यूक्रेन संकट से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार चल रहे उतार-चढ़ाव बावजूद घरेलू स्तर पर आज लगातार 124वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रहे। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल रूस यूक्रेन संकट के बाद ही शुरू हो गया था। जो 127.31 बैरल प्रति डॉलर की कीमत पर पहुंच चुका है।

केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमश: पांच और 10 रुपये घटाने की घोषणा के बाद 04 नवंबर 2021 को ईंधन की कीमतों में तेजी से कमी आई थी। इसके बाद राज्य सरकार के मूल्य वर्धित कर (वैट) कम करने के फैसले के बाद राजधानी दिल्ली में भी वैट को कम करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद राजधानी में 02 दिसंबर 2021 को पेट्रोल लगभग आठ रुपये सस्ता हुआ था। डीजल की भी कीमतें हालांकि जस की तस बनी रहीं।

केंद्र द्वारा उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद अधिकांश राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भी पेट्रोल और डीजल पर मूल्य वर्धित कर (वैट) कम कर दिया था, जिससे आम आदमी को काफी राहत मिली थी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्यूयार्क में ब्रेंट क्रूड में कीमत 3.33 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 127.31 डॉलर प्रति बैरल पर थी, जबकि अमेरिकी क्रूड 2.95 प्रतिशत बढ़कर 122.92 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

**देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे :**

| महानगर | पेट्रोल | डीजल (रुपए प्रति लीटर) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 95.41 | 86.67 |
| कोलकाता | 104.67 | 89.79 |
| मुंबई | 109.98 | 94.14 |
| चेन्नई | 101.40 | 91.43 |



# गुरुग्राम में 20 मार्च को होगा सुपर सिख रन का छठा संस्करण

नयी दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर सुपर सिख रन का आयोजन गुरुग्राम में 20 मार्च को किया जाएगा जिसमें पांच किमी, 10 किमी और 21.1 किमी हाफ मैराथन में लगभग 10 हजार प्रतियोगियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। भारत की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी इलेक्ट्रिकल टू व्हीलर कंपनी हीरो इलेक्ट्रिक ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सुपर सिख रन के छठे संस्करण के आयोजन की घोषणा की। संवाददाता सम्मेलन में हीरो इलेक्ट्रिक के प्रबंध निदेशक (एमडी) नवीन मुंजाल ,रजत पदक विजेता पैरा एथलीट चंदीप सिंह, अंतर्राष्ट्रीय एथलीट और फिटनेस राइटर जिले गोगिया चुघ, पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान प्रीतम रानी सिवाच, पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर और कोच जया शर्मा भी मौजूद थे। इन सभी ने रेस डे टी-शर्ट का अनावरण किया। मुंजाल ने इस अवसर पर कहा कि पुरुष और महिला वर्ग के विजेता को ऑप्टिमा ई5 इलेक्ट्रिक स्कूटर प्रदान किया जाएगा।

# एस्टर डीएम हेल्थकेयर की अलीशा मूपेन की ग्रामीण ऐक्टिविस्ट रूमा देवी के साथ साझेदारी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। एस्टर डीएम हेल्थकेयर की डिप्टी प्रबंध निदेशक अलीशा मूपेन ने आज भारत की जानी-मानी ग्रामीण ऐक्टिविस्ट एवं नारी शक्ति पुरस्कार विजेता रूमा देवी के साथ साझेदारी करने की पहल की है।

एस्टर डीएम हेल्थकेयर की वैश्विक सीएसआर शाखा एस्टर वालंटियर्स यह साझेदारी करेगा। सुश्री रुमा देवी 2018 की नारी शक्ति पुरस्कार विजेता हैं।

उन्हें राजस्थान के बाड़मेर में ग्रामीण परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने के लिए यह पुरस्कार मिला है जो भारत में महिलाओं के लिए सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर घोषित इस साझेदारी में एस्टर वालंटियर्स और रूमा देवी बाड़मेर जिले की ग्रामीण आबादी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के लिए सहयोग करेंगे। इसके तहत मोबाइल क्लिनिक - %एस्टर वालंटियर्स मोबाइल मेडिकल सर्विसेज% बाड़मेर के गांवों की जरूरतें पूरी करेगा और प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा और प्रशिक्षण मुहैया कराएगा।

एस्टर वालंटियर्स सुश्री मूपेन के नेतृत्व में वंचित महिलाओं के सशक्तिकरण पर ध्यान दे रहा है। इसके लिए कई तरह की पहलें की जा रही हैं। एस्टर वालंटियर्स का मानना है कि महिला सशक्तिकरण की शुरुआत महिलाओं के स्वास्थ्य से होनी चाहिए। इसलिए, महिला सशक्तिकरण की पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए आवश्यक चिकित्सा परीक्षा के साथ-साथ उनके अपने स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण से होगी। उन्हें अपने परिवार के स्वास्थ्य का प्रबंध भी सिखाया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए टीकाकरण, हाईजीन और सैनिटाइजेशन, विभिन्न रोगों से संबंधित जागरूकता आदि शामिल है। इसके बाद ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा जो उन्हें अपनी आजीविका कमाने में सक्षम बनाएगा।

## शार्ट न्यूज

### बिस्माह मारूफ ने बेटी को समर्पित किया अर्धशतक

तोरंगा। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ ने बच्चे के जन्म के बाद कुछ समय बाद ही क्रिकेट में वापसी करते हुए मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 के अपने दूसरे मैच में अर्धशतकीय पारी खेली। मारूफ ने अमांडा जेड वेलिंगटन की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर सिंगल लेकर 96 गेंदों में अपना 15वां वनडे अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपना 50वां रन बनाते ही उत्सव मनाना शुरू कर दिया। उन्होंने बच्चे को बाहों में लेने का इशारे करते हुए इस अर्धशतक को अपनी छह महीने की बेटी फातिमा को समर्पित किया। वह 78 रन बनाकर नाबाद रहीं और पाकिस्तान को 190 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उल्लेखनीय है कि मां बनने के बाद मारूफ का यह पहला टूर्नामेंट है।

### पाकिस्तान के दोनों ओपनरों ने ठोके नाबाद शतक, मैच ड्रा

रावलपिंडी। बल्लेबाजी की मददगार पिच पर पाकिस्तान के दोनों ओपनरों अब्दुल्लाह शफीक (नाबाद 136) और इमाम उल हक़ (नाबाद 111) ने शानदार शतक ठोके जिसकी बदौलत पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन मंगलवार को अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोये 252 बनाये और मैच नीरस रूप से ड्रा समाप्त हुआ। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 476 रन बनाकर घोषित की थी जबकि ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी दो विकेट पर 271 रन से आगे शुरू होकर 459 रन पर समाप्त हुई। पाकिस्तान ने पहली पारी के अंदाज में दूसरी पारी में भी प्रदर्शन किया। इमाम उल हक़ ने दोनों पारियों में शतक बनाने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। इमाम ने पहली पारी में 157 रन बनाये थे। शफीक ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। शफीक ने 242 गेंदों पर 15 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 136 रन बनाये जबकि इमाम ने 223 गेंदों पर नाबाद 111 रन में सात चौके और दो छक्के लगाए। इमाम को इनकी शतकीय पारियों की बदौलत प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले मार्नस लाबुशेन ने 69 और स्टीव स्मिथ ने 24 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। लाबुशेन 158 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 90 रन बनाकर शतक से चूक गए जबकि स्मिथ ने 196 गेंदों पर 78 रन में आठ चौके लगाए। कैमरून ग्रीन ने 109 गेंदों में चार चौकों के सहारे 48 रन बनाये।

### हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम में 30 लाख की 5 परियोजनाओं का शुभारम्भ

जालंधर। रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम में मंगलवार को पांच परियोजनाओं का उद्घाटन किया। 30 लाख की लागत से तैयार होने वाली इन परियोजनाओं में रेस्टरेंट, योग व एरोबिक्स सेंटर, खेल दुकान, फिजियोथैरेपी सेंटर व सेल्फी प्वाइंट शामिल हैं। जिला बैडमिंटन संघ (डीबीए) के अध्यक्ष एवं जिला उपायुक्त घनश्याम थोरी ने इन परियोजनाओं का उदघाटन करते हुए कहा कि डीबीए के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जब रायजादा हंसराज स्टेडियम में इतने उच्च स्तर पर अपग्रेडेशन का काम किया गया है। उन्होने कहा कि रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम उच्च स्तर पर हब के तौर पर विकसित हो चुका है। थोरी ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि तीन सालों की अल्पावधि में अंतरिम कमेटी के नेतृत्व में रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम के मौलिक ढांचे में नवीनीकरन की पहल की जा रही है, जो प्रदर्शन सुधार व खिलाडियों के कौशल को गति प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। इस अवसर पर उन्होने डीबीए जालन्धर के आजीवन सदस्यों को सदस्यता कार्ड भी वितरित किए। इन कार्डों से आजीवन सदस्यों को रेस्टोरेंट, योग एवं एरोबिक्स सेंटर, खेल दुकान, ओलम्पियन दिपांकर एकेडमी एवं फिजियोथैरेपी केन्द्र में रियायती दरों पर सेवाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर डीबीए के सचिव एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी रीतिन खन्ना ने उन सभी गणमान्यों का आभार जताया जिनके सहयोग से यह परियोजनाएं संभव हो पाईं। इन परियोजनाओं के विवरण पर प्रकाश डालते हुए खन्ना ने कहा कि यह रेस्टोरेंट 20 लाख रूपये की लागत से बन कर तैयार हुआ है, जिसमें से 10 लाख रुपये जालन्धर के केन्द्रीय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक राजिन्द्र बेरी व 4.81 लाख रुपये डिप्टी कमिशनर थोरी द्वारा जिला राहत सोसाइटी की मार्फत स्वीकृत किए गए हैं।

### गुरुग्राम में 20 मार्च को होगा सुपर सिख रन का छठा संस्करण

नयी दिल्ली। दिल्लीएनसीआर सुपर सिख रन का आयोजन गुरुग्राम में 20 मार्च को किया जाएगा जिसमें पांच किमी, 10 किमी और 21.1 किमी हाफ मैराथन में लगभग 10 हजार प्रतियोगियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। भारत की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी इलेक्ट्रिकल टू व्हीलर कंपनी हीरो इलेक्ट्रिक ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सुपर सिख रन के छठे संस्करण के आयोजन की घोषणा की। संवाददाता सम्मेलन में हीरो इलेक्ट्रिक के एमडी नवीन मुंजाल ,रजत पदक विजेता पैरा एथलीट चंदीप सिंह, अंतर्राष्ट्रीय एथलीट और फिटनेस राइटर जिले गोगिया चुघ, पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान प्रीतम रानी सिवाच, पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर और कोच जया शर्मा भी मौजूद थे। इन सभी ने रेस डे टी-शर्ट का अनावरण किया। मुंजाल ने इस अवसर पर कहा कि पुरुष और महिला वर्ग के विजेता को ऑप्टिमा ई5 इलेक्ट्रिक स्कूटर प्रदान किया जाएगा। इस स्कूटर का भी इस अवसर पर अनावरण किया गया।

### मगाला, नॉर्त्जे बंगलादेश वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं

जोहान्सबर्ग। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने बंगलादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के लिए मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की। अनुभवी खिलाड़ी टेम्बा बावुमा को टीम की कमान सौंपी गई है। तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्जे और सिसांदा मगला सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं। नॉर्त्जे जहां अपनी कूल्हे की चोट से उबर रहे हैं, वहीं मगला फिटनेस चिंताओं के कारण बाहर हो गए। उल्लेखनीय है कि दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में मजबूत टीम भारत को घर पर 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। इसके मद्देनजर चयनकर्ताओं ने इस विजयी संयोजन पर विश्वास जताया है और सेम टीम चुनी है। दक्षिण अफ्रीका और बंगलादेश के बीच वनडे सीरीज, जो सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में खेली जाएगी, 18 मार्च से शुरू होगी और मुंबई में आईपीएल शुरू होने से तीन दिन पहले 23 मार्च को समाप्त हो जाएगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम में आठ खिलाड़ी हैं, जिनके पास आईपीएल अनुबंध है। वहीं अपनी आईपीएल टीम से जुड़ने से पहले तीन दिवसीय क्वारंटीन अनिवार्य है, हालांकि बबल-टू-बबल स्थानांतरण की अनुमति है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका-बंगलादेश वनडे सीरीज सख्त बायो-बबल में नहीं खेली जाएगी।

### बिली जीन किंग कप में भारतीय चुनौती संभालेंगी सानिया मिर्जा



नयी दिल्ली। वर्ष 2022 के बिली जीन किंग कप एशिया/ओसनिया जोन ग्रुप एक का आयोजन 11 अप्रैल से तुर्की के अंताल्या में किया जाएगा और इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का नेतृत्व अनुभवी युगल खिलाड़ी सानिया मिर्जा के हाथों में रहेगा। भारत के अलावा चीन, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया और न्यूज़ीलैंड की टीमें भी अपनी चुनौती रखेंगी। अखिल भारतीय टेनिस संघ की चयन समिति की मंगलवार को बैठक हुई जिसमें चयन समिति ने टीम का चयन किया। समिति ने रैंकिंग, प्रदर्शन और उपलब्धता के आधार पर टीम का चयन किया। टीम में सानिया के अलावा अंकिता रैना, करमन कौर थांडी, रिया भाटिया और ऋतुजा भोंसले शामिल हैं। विशाल उप्पल को टीम का कप्तान और शालिनी ठाकुर को कोच चुना गया है।

# बीसीबी अध्यक्ष ने शाकिब अल हसन की प्रतिबद्धता पर उठाए सवाल




**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नज़्मुल हसन ने अनुभवी खिलाड़ी शाकिब अल हसन के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लेने के निर्णय पर निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि अगर शाकिब को आईपीएल नीलामी में चुना जाता तो क्या वह आईपीएल से भी आराम मांगते?

हसन ने कहा, तार्किक होकर देखा जाए तो अगर वह शारीरिक या मानसिक रूप से परेशान होते तो उन्होंने अपना नाम आईपीएल नीलामी में नहीं दिया होता। लेकिन वह इसके लिए गए। क्या इसका यह मतलब है कि अगर उन्हें आईपीएल का कॉन्ट्रैक्ट मिलता तो वह आईपीएल में खेलते या उसको भी मना कर देते? अगर वह बांग्लादेश के लिए खेलने से मना कर देते तो कोई बात नहीं लेकिन वह यह नहीं कह सकते कि वह यह मैच खेल सकते हैं, यह नहीं। उन्हें प्रोफ़ेशनल होना होगा नहीं तो हमें भी कठिन निर्णय लेने होंगे। शाकिब ने इससे पहले ही बीसीबी को बता दिया था कि वह 2022 में अधिकतर सिर्फ़ सीमित ओवर की क्रिकेट खेलेंगे। उन्होंने ख़ुद को दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ टेस्ट मैचों से अनुपलब्ध किया था। हालांकि जब उन्हें आईपीएल नीलामी में नहीं चुना गया तो बीसीबी को लगा कि वह अब टेस्ट सीरीज़ के लिए उपलब्ध होंगे।

चयन में शाकिब को वनडे और टेस्ट दोनों टीमों के लिए चुना गया। हालांकि रविवार को शाकिब ने बीसीबी को संकेत दिए कि वह वनडे सीरीज़ में नहीं खेलेंगे ताकि वह टेस्ट सीरीज़ के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से फ़िट रह सकें। शाकिब इससे पहले न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ टेस्ट सीरीज़ में भी नहीं खेले थे। यह तीसरी बार था जब उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से टेस्ट सीरीज़ से अपने हाथ पीछे किए थे।

2017 से शाकिब ने बांग्लादेश के 33 टेस्ट में सिर्फ़ 15 टेस्ट खेले हैं। हालांकि इस दौरान वह चोटिल भी हुए थे और उन पर एक साल का अनुशासनात्मक प्रतिबंध भी लगा था।

## भारत ए पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच बने सरदार सिंह

**चंडीगढ़।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सरदार सिंह को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), बेंगलुरु में शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए भारत ए पुरुष हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल ने इस बारे में कहा, हरियाणा पुलिस के लिए यह सच में गर्व की बात है कि हमारा अधिकारी मुख्य कोच के रूप में राष्ट्रीय स्तर के कोचिंग कार्यक्रम में शामिल होगा। हमने सरदार सिंह के अनुभव, तकनीकी ज्ञान और विश्व स्तरीय क्षमताओं का खजाना देखा है, जिससे उभरती प्रतिभाओं को लाभ होगा, जो बदले में भारतीय हॉकी को कई गुना मजबूत करेगा। उल्लेखनीय है कि ओलंपियन सरदार सिंह वर्तमान में हरियाणा पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर तैनात हैं। उन्हें हॉकी में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, पदम श्री और अर्जुन पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है।

## लॉ स्कोरिंग मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

एजेंसी

**माउंट माउंगानुइ।** गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी और फिर बल्लेबाजों की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने यहां मंगलवार को 2022 महिला क्रिकेट विश्व कप के लॉ स्कोरिंग मैच में पाकिस्तान को एकतरफा अंदाज में सात विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तान को 50 ओवर में छह विकेट पर 190 रन के छोटे स्कोर पर रोक दिया और जवाब में 34.4 ओवर में तीन विकेट पर 193 रन बना कर मैच जीत लिया। उसके शीर्ष और मध्य क्रम के सभी बल्लेबाजों ने अच्छा योगदान दिया। एलिसा हीली ने सात चौकों की मदद से 79 गेंदों पर 72 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि कप्तान मेग लैनिंग ने 35, राचेल हेन्स ने 34 और एलिसे पेरी तथा बेथ मूनी ने क्रमशः नाबाद 26 और 23 रन बनाए। एलिसा हीली को मैच विजयी अर्धशतक के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इससे पहले अलाना किंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए नौ ओवर में 24 रन पर सर्वाधिक दो तथा अमांडा वेलिंगटन, मेगन शुट्ट, निकोला केरी और एलिसे पेरी ने एक-एक विकेट लिया।

दूसरी ओर पाकिस्तान की तरफ से कप्तान बिस्माह मारूफ ने आठ चौकों की मदद से 122 गेंदों पर 78 और ऑलराउंडर आलिया रियाज ने चार चौकों के सहारे 109 गेंदों पर 55 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में ओमैमा सोहेल ने आठ ओवर में 39 रन पर सर्वाधिक दो और नशरा संधू ने एक विकेट लिया। पाकिस्तान की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी हार है। ऑस्ट्रेलिया जहां अपने दोनों मैच जीत कर चार अंकों के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर है, वहीं पाकिस्तान दो हार के साथ सबसे निचले आठवें स्थान पर है।

## अलीगढ जिले का पहली कबड्डी लीग में छर्रा लायन ने जीता खिताब

**अलीगढ़।** भारत के इतिहास में पहली बार जिला स्तर पर हुई कबड्डी लीग का आयोजन सफलतापूर्वक समाप्त हुआ और चार दिन तक चले इस रोमांचक प्रतिस्पर्धा के फाइनल में छर्रा लायन की टीम आभा ग्रांट को 32-26 से कड़े मुकाबले में शिकस्त देकर अलीगढ प्रो कबड्डी लीग सीजन 1 की विजेता बनी। विजेता और उपविजेता टीम को उनके प्रायोजकों की ओर से नौकरी देने का एलान किया गया।

इस लीग को पूरा करने का श्रेय ओलिंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सर्राफ ,सचिव मजहर उल कमर, उपाध्यक्ष संजय माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष भगत सिंह बाबा को जाता है। अध्यक्ष सुमित सर्राफ ने बताया कि इस लीग को कराने का उद्देश्य खिलाडी को एक अच्छा प्लेटफार्म देने क साथ एक सामाजिक सौहार्दता भी बढ़ाना है। लीग में आठ टीमों ने भाग लिया था जिनमें हर टीम के एक ओनर थे इसमें अंशुल अग्रवाल की टीम को महावीर पार्क बुल्स, अरुण सर्राफ की टीम को सर्राफ ईगल्स, नवनीत महेश्वरी की टीम को छर्रा लायन, अखिल गुप्ता की टिया को आभा ग्रांट , नगर निगम की टिया को रॉयल अलीगढ निगम ,संजय महेश्वरी की टीम को सराय मानसिंह टाइगर, अखिल माहेश्वरी की टीम को नै दुनिया रॉकस्टार , कमल अग्रवाल की टीम को कोडियागंज पैंथर नाम दिया गया था। विजेता छर्रा लायन की टीम को 21 हज़ार रुपए और ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 11 हज़ार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## गुजरात टाइटंस में जेसन रॉय की जगह लेंगे रहमानुल्ला गुरबाज

एजेंसी

**अहमदाबाद।** आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस पिछले महीने आईपीएल 2022 सीजन से बाहर हुए इंग्लैंड के अपने खिलाड़ी जेसन रॉय की जगह अफगानिस्तान के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्ला गुरबाज को साइन करने के लिए तैयार है।

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह इंग्लैंड के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रॉय के लिए बिल्कुल समान रिप्लेसमेंट नहीं है, लेकिन गुजरात टाइटंस टीम प्रबंधन ने मौजूदा रिद्धिमान साहा मुद्दे को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। साहा के टीम के पहली पसंद के विकेटकीपर होने की उम्मीद है, लेकिन प्रबंधन फिर भी एक बैक-अप विकल्प चाहता है ताकि अप्रत्याशित स्थिति में दुविधा न हो। गुजरात टाइटंस के पास हालांकि एक और विकेटकीपर मैथ्यू वेड हैं, लेकिन जैसा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने पहले ही तय कर दिया है कि अनुबंधित ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी छह अप्रैल तक आईपीएल में नहीं खेलेंगे, जबकि आईपीएल 26 मार्च से शुरू हो रहा है और गुजरात टाइटंस 28 मार्च को अपने पहले मैच में अपनी ही तरह नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगा।

क्रिकबज के मुताबिक 20 वर्षीय अफगानिस्तानी खिलाड़ी गुरबाज के अनुबंध पत्र भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी के लिए भेजे गए हैं। गुरबाज ने अपने 14 महीने के करियर में नौ वनडे और 20 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में उनका आधार मूल्य 50 लाख रुपए था, लेकिन उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था।

फिलहाल गुजरात टाइटंस टीम प्रबंधन की ओर से इस बारे में कोई पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन अफगानिस्तान क्रिकेट के जानकार लोगों ने इस बात की पुष्टि की है।

गुरबाज हमवतन राशिद खान और नूर अहमद के साथ गुजरात की टीम में शामिल होंगे।

वह लीग के इस सीजन में हिस्सा लेने वाले पांचवें अफगानिस्तानी बने हैं, जिसमें मोहम्मद नबी (कोलकाता नाइट राइडर्स) और फजलहक फारूकी (सनराइजर्स हैदराबाद) भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जेसन रॉय ने पिछले महीने पारिवारिक कारणों और बायो-बबल थकान का हवाला देते हुए आईपीएल 2022 से नाम वापस ले लिया था।

गुजरात टाइटंस ने उन्हें मेगा नीलामी में उनके दो करोड़ रुपए के आधार मूल्य पर खरीदा था। यह मामला तब से फ्रेंचाइजियों के बीच बहस का विषय बन गया है।

सभी फ्रेंचाइजियों का यह कहना है कि नीलामी के लिए अपना नाम सूचीबद्ध करने के बाद विदेशी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं या फिटनेस के मुद्दों के अलावा अन्य कारणों से बीसीसीआई द्वारा लीग से नाम वापस लेने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

# न छिपता हूं, न किसी से डरता हूं : जेलेंस्की



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वह किसी से डरते नहीं हैं और ना कहीं छिपते हैं बल्कि अभी राजधानी में अपने कार्यालय में रह रहे हैं।

जेलेंस्की ने सोमवार को अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट वीडियो में कहा, मैं यहां रहता हूं। मैं कीव में रहता हूं। बैंकोवा स्ट्रीट पर। मैं छिपा नहीं हूं। और मैं किसी से नहीं डरता।

गत 24 फरवरी को यूक्रेन-रूस संघर्ष शुरू होने के बाद से श्री जेलेंस्की को पहली बार कीव में उनके कार्यालय में देखा गया था। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि रूसी आक्रमण शुरू होने के तुरंत बाद उनकी सरकार के सदस्यों के साथ एक संक्षिप्त बाहरी उपस्थिति के अलावा, यह पहली बार है जब उन्हें अपने बंकर के बाहर देखा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि वे सभी जमीन पर हैं और काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज हमारे संघर्ष का 12वां दिन है। हमारे संघर्ष की 12वीं शाम है। हमारा बचाव। हम सब जमीन पर हैं, हम सब काम कर रहे हैं। हर कोई वहीं है जहां उन्हें होना चाहिए। मैं कीव में हूँ। मेरी टीम मेरे साथ है। क्षेत्रीय रक्षा जमीन पर है। सेवादार पदों पर हैं। हमारे नायक! डॉक्टर, बचाव दल, ट्रांसपोर्टर, राजनयिक, पत्रकार....सब लोग।

राष्ट्रपति ने कहा, हम सब युद्ध में हैं। हम सभी अपनी जीत में योगदान करते हैं, जो निश्चित रूप से हासिल किया जाएगा। हथियारों और हमारी सेना के बल से। शब्दों के बल और हमारी कूटनीति से। आत्मा के बल से, जो पहला, दूसरा और प्रत्येक हमारे पास है। ज़ेलेंस्की ने कहा कि आक्रमणकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले यूक्रेनियन नायक थे। उन्होंने कहा, हमारे देश के दक्षिण में, इस तरह का एक राष्ट्रीय आंदोलन सामने आया है, यूक्रेनियन की इतनी शक्तिशाली अभिव्यक्ति जो हमने वहां की गलियों और चौकों में कभी नहीं देखी। रूस के लिए यह एक बुरे सपने जैसा है।

जेलेंस्की ने कहा, वे भूल गए कि हम टैंक और मशीनगनों से नहीं डरते हैं। जब सच्चाई जैसी मुख्य बात हमारी तरफ है। हम सब कुछ पुनर्निर्माण करेंगे। हम रूस के किसी भी शहर की तुलना में आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किए गए हमारे शहरों को बेहतर बना देंगे। ज़ेलेंस्की ने सोमवार को 96 यूक्रेनी सैनिकों को यूक्रेन के राज्य पुरस्कार प्रदान करने के लिए एक डिक्री पर भी हस्ताक्षर किए।

### मानवीय गलियारा बनाने के लिए रूस ने संघर्ष विराम घोषित किया

मॉस्को। रूस ने यूक्रेन से नागरिकों की सुरक्षित निकासी हेतु मानवीय गलियारा बनाने के लिए संघर्ष विराम की घोषणा की है। रूस के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि रूस यूक्रेन में अपने अभियानों को विराम दे रहा है, ताकि लोगों को नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए एक मानवीय गलियारा बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विदेशी दूतावासों की लगातार अपीलों के साथ-साथ लगभग सभी बस्तियों से निकासी के लिए यूक्रेनी नागरिकों के अनुरोध के मद्देनजर रखते हुए रूस मानवीय गलियारा तैयार करने के लिए तैयार है।

# यूक्रेन को 72.3 करोड़ डॉलर की मदद करेगा विश्व बैंक




वाशिंगटन। विश्व बैंक समूह ने कहा है कि उनके कार्यकारी निदेशक मंडल ने यूक्रेन को कुल 72.3 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता प्रदान करने को मंजूरी दी है। विश्व बैंक ने सोमवार अपने विज्ञप्ति में कहा, विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने आज यूक्रेन के लिए 48.9 करोड़ डॉलर के पूरक बजट सहायता पैकेज को मंजूरी दी, जिसे यूक्रेन को आर्थिक आपातकाल से निकलने या फ्री यूक्रेन का वित्तपोषण कहा जाता सकता है। बयान में कहा गया, बोर्ड द्वारा स्वीकृत पैकेज में 35.0 करोड़ डॉलर का एक पूरक ऋण और 13.9 करोड़ डॉलर की गारंटी भी शामिल है। 13.4 करोड़ डॉलर का अनुदान वित्तपोषण और 10.0 करोड़ डॉलर के समानांतर वित्तपोषण भी जुटाया रहा है। इस तरह से कुल 72.3 करोड़ डॉलर का होगा। विज्ञप्ति में कहा गया कि इस वित्तीय सहायता से यूक्रेन की सरकार को अपने नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी, जिसमें अस्पताल के कर्मचारियों के लिए वेतन, बुजुर्गों के लिए पेंशन और कमजोर वर्ग लोगों के लिए सामाजिक कार्यक्रम शामिल हैं।

# रूसी सेना ने यूक्रेन में तबाह किए 2500 से अधिक मिलिट्री ठिकाने, न्यूक्लियर प्लांट पर कब्जा अगला टारगेट

**मॉस्को।** रूसी सेना यूक्रेन में अब तक करीब 2500 मिलिट्री ठिकाने को तबाह कर चुकी है। रूसी एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय का हवाला देते बताया है कि रूस ने अपने सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद से यूक्रेन के 2,482 मिलिट्री ठिकानों को तबाह कर दिया है। बड़ी संख्या में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के बाद अब रूसी सेना का अगला टारगेट यूक्रेन के न्यूक्लियर प्लांट हैं।

समाचार एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव के हवाले से कहा %कुल मिलाकर, यूक्रेन के 2,482 सैन्य ठिकानों को ऑपरेशन के ध्वस्त कर दिया गया, जिसमें 87 कमांड पोस्ट और यूक्रेनी सेना के कम्यूनिकेशन सेंटर, 124 एस -300, बुक एम -1 और ओसा वायु रक्षा मिसाइल सिस्टम, 79 रडार स्टेशन शामिल हैं।

कोनाशेनकोव के अनुसार नष्ट किए गए हथियारों में रूसी सेना ने यूक्रेन के 866 टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां, 91 मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर, 317 फील्ड आर्टिलरी पीस और मोर्टार, 634 यूनिट विशेष सैन्य वाहन, 81 मानव रहित हवाई वाहन शामिल हैं।

रूसी दावों के अनुसार, रूसी एयरोस्पेस फोर्सेस ने पिछले दिनों यूक्रेन में 158 सैन्य सुविधाओं को नष्ट कर दिया। इसके साथ-साथ दो मिग-29 और एक एसयू-27 जेट, दो एस-300 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम, तीन बुक एम-1 स्व-चालित फायरिंग सिस्टम, चार कमांड पोस्ट, दो रडार स्टेशन को ध्वस्त कर दिया है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि रूस अब सीधे तौर पर यूक्रेन की परमाणु सुविधाओं को टारगेट कर रहा है ताकि यूक्रेनी प्रतिरोध को कमजोर किया जा सके, लेकिन इस रणनीति में गंभीर जोखिम है।

रूसी सेना पहले ही यूक्रेन के चेर्नोबिल परमाणु सयंत्र पर मिसाइल दागे थे। हालांकि, यह सयंत्र पहले से बंद चल रहा है।

इसके अलावा जापोरीज्ज्या में चालू परमाणु रिएक्टरों पर कब्जा कर लिया था। अब उनका अगला टारगे कोन्स्टेंटिनोव्का सयंत्र हो सकता है।

### रूस ने तीन लाख नागरिकों को बंधक बनाया

कीव। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने मंगलवार को रूस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसेन मारियुपोल में तीन लाख नागरिकों को बंधक बना रखा है। कुलेबा ने एक ट्वीट में कहा, रूस ने मारियुपोल में तीन लाख नागरिकों को बंधक बना रखा है। आईसीआरसी मध्यस्थता के साथ समझौतों के बावजूद मानवीय गलियारे से निकासी को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंधकों में से एक बच्चे की सोमवार को डिहाइड्रेशन के कारण मौत हो गई। उन्होंने कहा, युद्ध अपराध को अंजाम देना रूस की सोची समझी रणनीति का हिस्सा हैं। मैं सभी देशों से सार्वजनिक तौर से मांग करने का आग्रह करता हूँ- रूस, लोगों को जाने दो! गौरतलब है कि इससे पहले रूस ने अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की है ताकि राजधानी कीव सहित कई यूक्रेनी शहरों से नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने संवाददाताओं से कहा, नागरिकों को बस्तियों से सुरक्षित निकालने के लिए मॉस्को के समयानुसार आज 10 बजे से अस्थायी युद्धविराम की शुरुआत की गई और कीव, चेर्निहाइव, सुमी, खारकिव तथा मारियुपोल में मानवीय गलियारे खोले गए हैं।

### रूस ने यूक्रेन में की युद्धविराम की घोषणा

मॉस्को। रूसी सशस्त्र बलों ने स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे से युद्धविराम की घोषणा की है ताकि राजधानी कीव सहित कई यूक्रेनी शहरों से नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने संवाददाताओं से कहा, नागरिकों को बस्तियों से सुरक्षित निकालने के लिए मॉस्को के समयानुसार आज 10 बजे से युद्धविराम की शुरुआत की गई और कीव, चेर्निहाइव, सुमी, खारकिव तथा मारियुपोल में मानवीय गलियारे खोले गए। इससे कुछ देर पहले यूक्रेन की उप प्रधानमंत्री इरीना वीरेशचुक ने कहा कि मंगलवार को सुमी में मानवीय गलियारा खुलेगा। उन्होंने कहा, आज सुमी शहर के लिए एक मानवीय गलियारा शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, आईसीआरसी को लिखे एक पत्र में रूसी रक्षा मंत्रालय के साथ आधिकारिक तौर पर सहमति हुई थी। यानी, रेड क्रॉस और हम दोनों मानवीय गलियारे के उद्घाटन पर सहमत हैं और हमारे पास दस्तावेजी सबूत भी हैं।

### सुमी में फंसे भारतीयों के लिए कॉरिडोर खुला

कीव। यूक्रेन के सुमी में फंसे भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षित गलियारे की कमी पर भारत द्वारा चिंता व्यक्त किए जाने के एक दिन बाद यूक्रेनी उपप्रधानमंत्री इरीना वीरेशचुक ने कहा कि मानवीय गलियारा मंगलवार को खुलेगा। वीरेशचुक ने कहा, आज, सुमी शहर के लिए एक मानवीय गलियारा शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इस तथ्य पर आधिकारिक तौर पर रूसी रक्षा मंत्रालय के साथ आईसीआरसी को एक पत्र में सहमति व्यक्त की गई है। यानी रेड क्रॉस और हम दोनों के साथ मानवीय गलियारे के उद्घाटन पर सहमति हुई थी, हमारे पास दस्तावेजी सबूत भी हैं। मीडियो रिपोर्टों के मुताबिक भारत और चीन के नागरिकों सहित सभी नागरिकों को सुमी से पोल्टावा पहुंचाया जाएगा। सूमी में 500 से अधिक भारतीय छात्र फंसे हुए हैं। रूस द्वारा सूमी में अस्थायी युद्धविराम और मानवीय गलियारे की घोषणा के बावजूद छात्रों को बाहर नहीं निकाला जा सका है।

### इमरान खान को झटकाः अलीम खान 'असंतुष्ट समूह' में हुए शामिल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को उस समय जोर का झटका लगा है जब उनके करीबी दोस्त अलीम खान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ के असंतुष्ट नेता जहांगीर तरीन से जुड़ने की घोषणा की। यह जानकारी पाकिस्तानी अखबार डॉन ने अपनी रिपोर्ट में दी है। यह सूचना ऐसे समय में आयी है, जब विपक्ष श्री खान के नेतृत्व वाली पीटीआई सरकार को अविश्वास प्रस्ताव के जरिए से सत्ता से बेदखल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए विपक्ष पीटीआई के कुछ असंतुष्ट सदस्यों का समर्थन हासिल करने में जुटे हुए है। प्रस्ताव को सफलतापूर्वक पारित करने के लिए नेशनल असेंबली में विपक्ष के पास पर्याप्त संख्या हैं। उधर, बदलते घटनाक्रम से घबरा कर प्रधानमंत्री ने पंजाब के पूर्व मंत्री को शांत करने के लिए सिंध के गवर्नर इमरान इस्माइल को लाहौर भेजा है। वहीं श्री अलीम खान ने 10 मंत्रियों सहित 36 से अधिक पंजाब के सांसदों के साथ श्री तरीन से हाथ मिलाने की घोषणा की है।



# ओनोमैटोमेनिया नाम की बीमारी से जूझ रहे नसीरुद्दीन

दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ओनोमैटोमेनिया नामक बीमारी से पीड़ित हैं। इस बीमारी की वजह से वह चाहकर भी तसल्ली से नहीं रह पाते। उन्होंने बताया कि यह एक मेडिकल स्थिति है और वह मजाक नहीं कर रहे। नसीरुद्दीन शाह ने आगे कहा कि इस स्थिति में व्यक्ति बिना किसी वजह से कोई शब्द, वाक्य, कविता या भाषण को दोहराता रहता है। जब वह सोते हैं तब भी इस स्थिति में होते हैं। उन्होंने इसका खुलासा अपने एक इंटरव्यू में किया है। नसीरुद्दीन शाह को हाल ही में शाहिद कपूर की बहन की शादी में देखा गया, जहां वह पत्नी रत्ना पाठक शाह के साथ पहुंचे थे। नसीरुद्दीन शाह ने बातचीत में कहा, 'मैं ओनोमैटोमेनिया नामक बीमारी से जूझ रहा हूं। मैं मजाक नहीं कर रहा। यह एक मेडिकल स्थित है। डिक्शनरी में आप इसे खोज सकते हैं।' बीमारी के लक्षण के बार में नसीरुद्दीन शाह ने कहा, 'इस बीमारी में आप किसी शब्द, वाक्य, कविता या भाषण को दोहराते रहते हैं। इसकी कोई वजह नहीं होती। बस आपको यह सुनना पसंद होता है। मैं इसे हर समय करता हूं इसलिए मैं कभी भी आराम से नहीं रहता। जब मैं सो रहा होता हूं तब भी इस स्थिति में होता है क्योंकि यह मुझे पसंद है।



# जिंदगी मेरे घर आना फेम ईशा कंसार ने सिद्धार्थ से की सगाई

बी-टाउन में इस समय शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड और टेली वर्ड से जुड़े कई स्टार्स ने इस साल शादी रचाई। वहीं अब एक और एक्ट्रेस अपनी नई जिंदगी की शुरुआत करने जा रही हैं। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि जिंदगी मेरे घर आना फेम ईशा कंसार हैं।ईशा कंसार ने हाल ही में लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड सिद्धार्थ अमित भावसार संग सगाई की। अपनी रिंग सेरेमनी की तस्वीरें ईशा कंसार ने इंस्टा अकाउंट पर शेयर की हैं। ईशा कंसार अपनी सगाई में एकदम चांद का टुकड़ा लगीं। लुक की बात करें तो वह ग्रे लंहगे में बला की खूबसूरत लग रही हैं। मिनिमल मेकअप, ओपन हेयर्स, ग्रे चूड़ियां और ईयरिंग्स उनके लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। हाथों में लगी मेहंदी ईशा के लुक को चार-चांद लगा रही हैं। वहीं सिद्धार्थ व्हाइट शेरवानी में काफी जच रहे हैं। एक तस्वीर में ईशा घुटनों पर बैठ सिद्धार्थ को रिंग पहना रही हैं। वहीं एक तस्वीर में सिद्धार्थ घुटनों पर बैठ ईशा को रिंग पहना रहे हैं। इस तस्वीर में दोनों एक-दूजे को गले लगाए दिख रहे हैं। सगाई के बाद दोनों कितना खुश हैं ये कपल की तस्वीरें साफ बयां कर रही हैं। फैंस सिद्धार्थ और ईशा की इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

# बिपाशा ने छोड़ दी फिल्म इंडस्ट्री?

अभिनेत्री बिपाशा बसु सिंह ग्रोवर साल 2015 के बाद से फिल्मों में नजर नहीं आई हैं. उन्होंने दो साल पहले प्रसारित एक वेब सीरीज डेंजरस में अभिनय किया था. ऐसे में उनके फैंस यह जानना चाहते हैं कि उन्होंने कोई काम क्यों नहीं किया. वो इस बात को लेकर भी थोड़े परेशान है कि क्या उन्होंने अब इंडस्ट्री छोड़ दी है. लेकिन अब अभिनेत्री ने इसपर प्रतिक्रिया दी है जिसके बाद उनके फैंस के पास जश्न मनाने का एक मौका है. मैं बहुत आलसी रही हूं 43 वर्षीया ने बातचीत में बिपाशा बसु ने खुलासा किया कि, मैं वास्तव में आलसी रही हूं और पिछले कुछ सालों में काम करने के लिए तैयार नहीं हूं. लेकिन 2022 में काम पर लौटने और कुछ दिलचस्प करने की प्लानिंग है. मुझे उम्मीद है कि मैं बहुत जल्द अनाउंसमेंट कर सकती हूं. वह कहती है कि महामारी ने उनके लिए बहुत सी चीजों को रोक दिया, जैसा कि सभी के साथ हुआ. बिपाशा बसु ने कहा, मैं बस इतना चाहती थी कि मैं अपने पूरे परिवार के लिए बहुत सावधान रहूं, इस हद तक कि मैं पहले साल में खुद को पागल कह सकती थी. वैसे भी मैं ऐसी इंसान नहीं हूं जिसे बाहर जाना और पार्टी करना बहुत पसंद है. मेरे पास दोस्तों का एक छोटा सा ग्रुप है और मुझे अपने परिवार से मिलना पसंद है.



# गुरमीत देबीना ने एक दूसरे की बाहों में करवाया शानदार फोटोशूट



एक्ट्रेस देबीना बनर्जी और गुरमीत चौधरी जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। देबीना शादी के 11 साल बाद अपने पहले बच्चें को जन्म देने जा रही है, जिसे लेकर वो बेहद एक्साइटड हैं। डिलिवरी से पहले एक्ट्रेस अपना खूब ख्याल रख रही हैं और अपने पति संग क्वालिटी टाइम स्पैंड कर रहे हैं। हाल ही में मॉम-टू-बी देबीना ने पति गुरमीत संग एक फोटोशूट करवाया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान कपल का ब्लैक लुक देखने को मिल रहा है। ब्लैक शॉर्ट शिमरी ड्रेस में एक्ट्रेस बेहद स्टनिंग लग रही हैं। इस लुक को उन्होंने हाई हील और ओपन हेयर्स के साथ कंप्लीट किया है, जबकि गुरमीत ब्लैक लैदर शर्ट और मैचिंग कलर की पैंट के साथ ब्लैक शूज पेयर किए हैंडसम दिखाई दे रहे हैं। शॉर्ट ड्रेस में बेबी बंप फ्लॉन्ट करती पत्नी के साथ एक्टर जबरदस्त पोज दे रहे हैं। एक साथ कपल ने कमाल की बॉन्डिंग देखने को मिल रही है। बता दें, देबिना और उनके पति गुरमीत चौधरी ने 9 फरवरी 2022 को अपने पेरेंट्स बनने की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। एक तस्वीर शेयर कर कपल ने लिखा था-3 बनने की ओर। चौधरी जूनियर आने वाला है। आपकी दुआओं की जरूरत है। इस तस्वीर में देबीना ब्लैक आउटफिट में अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आई थी।

# माधुरी दीक्षित ने द फेम गेम पर करण से बातचीत की

माधुरी दीक्षित नेने और फिल्म निर्माता करण जौहर एक-दूसरे से बातचीत के दौरान मस्ती करते नजर आए। करण और माधुरी पुराने दोस्तों की तरह एक-दूसरे से खुलकर बात करते हैं। उन्होंने द फेम गेम को मिल रहे प्यार और अपने किरदार अनामिका आनंद के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि असल जिंदगी में उनका किरदार माधुरी दीक्षित से बहुत अलग है। अपने पति श्रीराम नेने के साथ अपनी मुलाकात के बारे में माधुरी ने कहा, हम दोनों अपने भाई के घर पर मिले थे। उन्होंने एक पार्टी की थी और वह उसमें मेहमान बनकर आए थे। हम मिले और बात करना शुरू किया, हमने बाकी सब चीजों के बारे में बात की। किसी ऐसे व्यक्ति से मिलना बहुत अलग है, जिसके बारे में आपके मन में कुछ भी नहीं हो। मुझे लगा कि वह पहले मुझे जानते हैं और बाद में मुझे एक अभिनेत्री के रूप में जानते हैं। द फेम गेम नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।



# अपने फिल्मी करियर को लेकर पिंक की एक्ट्रेस ने दिया बड़ा बयान

कीर्ति कुल्हारी ने कहा कि, फिल्म उद्योग में एक दशक से केवल अपने अभिनय के दम पर हूं। कीर्ति ने कहा कि, मेरे एक दशक से यहां होने का कारण केवल मेरा अभिनय है। मुझे बेहतरीन कहानियों का हिस्सा बनना पसंद है.... मैंने जो किरदार चुने, उनके साथ मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद मिली। खिचड़ी- द मूवी' से 2010 में बॉलीवुड में अपने फिल्मी करियर का आगाज करने वाली कीर्ति कुल्हारी का कहना है कि उनके फिल्म उद्योग में एक दशक से अधिक समय से बने रहने का सबसे बड़ा कारण उनका अभिनय है। कीर्ति को बेजॉय नांबियार की फिल्म 'शैतान' से बॉलीवुड में पहचान मिली। वह 'पिंक', 'उरी-द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'मिशन मंगल' जैसी हिट फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।



# उर्वशी रौतेला निथिन की माचेरला नियोजकावर्गम में नजर आएंगी?

अभिनेता नितिन मचेरला नियोजकावर्गम फिल्म के साथ मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में उनके साथ प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला नजर आएंगी। इसके बारे में कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं होने के बावजूद, यह बताया जा रहा है कि उर्वशी रौतेला आगामी राजनीतिक ड्रामा में एक विशेष गीत करेंगी। निर्माता जल्द ही इसकी आधिकारिक पुष्टि करेंगे। सिनेमैटोग्राफी प्रसाद मुरेला करेंगे और संपादन कोटागिरी वेंकटेश्वर राव द्वारा किया जाएगा। श्रेष्ठ मूवीज के बैनर तले बनी फिल्म माचेरला नियोजकावर्गम का निर्माण सुधाकर रेड्डी और निकिता रेड्डी ने किया है। माचेरला नियोजकावर्गम में उप्पेना फेम कृति शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं, और यह 29 अप्रैल, 2022 को रिलीज होगी।





# मैं लव मैरिज करना चाहूंगा- प्रभास

ग्लोबल आइकॉन करार किए जा चुके अभिनेता प्रभास की बहुप्रतीक्षित फ़िल्म राधे श्याम जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है. इस फ़िल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े होंगी. ग्लोबल आइकॉन करार किए जा चुके अभिनेता प्रभास की बहुप्रतीक्षित फ़िल्म राधे श्याम जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है. इस फ़िल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े होंगी. उनकी इस फ़िल्म, साउथ सिनेमा के बढ़ते क्रेज और आनेवाली फिल्मों पर हुई बातचीत...

**-निजी जिंदगी में भी क्या आप अपने किरदार की तरह भाग्य पर विश्वास करते हैं?**

पर्सनल लाइफ में मुझे हमेशा लगता है कि मेहनत सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके बाद एक किस्मत भी होती है मैं अपनी जिंदगी में बाहुबली की बात करूं, तो उस फिल्म में मेरी बहुत मेहनत लगी थी और राजामौली सर को उसमें विश्वास बहुत था.

**-साउथ की फिल्में इनदिनों हिंदी सिने प्रेमियों की पहली पसंद बन चुका है इस बदलाव को कैसे देखते हैं?**

अभी कुछ भी कह पाना मुश्किल है, अभी भी यह कंफ्यूजिंग वाली स्थिति है, क्योंकि आप देखें तो बाहुबली, केजीएफ और पुष्पा ने ही शानदार तरीके से, रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है. तो अब भी यह समझ पाना मुश्किल है, क्या वर्क करेगा, क्या नहीं. एक तरह से हमलोग ट्रायल ही कर रहे हैं. कई ऐसी फिल्में हैं, जो हिंदी में अच्छी कर रही हैं तेलुगू में नहीं, साहो ने हिंदी में अच्छा किया, तेलुगू से अधिक तो मुझे लगता है कि अभी इसे समझने में थोड़ा समय और लगेगा.

**-आपकी फ़िल्म बाहुबली के बाद पुष्पा की वजह से अल्लू अर्जुन को हिंदी सिने प्रेमियों में वो लोकप्रियता मिली है, तो क्या आप अर्जुन को अपने लिए कॉम्पिटशन मानते हो?**

कॉम्पिटशन एक अच्छी चीज है. हम सबके फील्ड में यह रहना चाहिए. मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि अल्लू अर्जुन ने पुष्पा में एक शानदार काम किया है. मैं तो कहना चाहता हूं कि हमारे सिनेमा का इतिहास 100 साल से भी ज्यादा हो चुका है. मुझे तो लगता है, हम काफी लेट हैं, यह कहने में कि हम एक हैं और हमारा सिनेमा इंडियन सिनेमा है. मुझे लगता है कि आपस में कॉम्पिटशन रखने की जगह, हमें दुनिया के बाकी सिनेमा से कॉम्पिटशन रखना चाहिए. हम एक हैं.

**-आपकी अगली फिल्म आदिपुरुष है जिसमें आप भगवान राम बनें हैं?**

मैं सच कहूँ तो बाहुबली को लेकर मैं उतना डरा हुआ नहीं था, जितना 'आदिपुरुष' को लेकर डरा हुआ हूँ. 'आदिपुरुष' पर पूरे देश की नजर रहेगी. सिर्फ मैं ही नहीं निर्देशक ओम राउत भी टेंशन में हैं कि आखिर दर्शक उस फिल्म को कैसे लेंगे. लेकिन इसके साथ ये भी कहूँगा कि उस कहानी में कोई ऐसा कोई विवाद नहीं है, सो मुझे लगता है कि दर्शक पसंद करेंगे.

**-आदिपुरुष में आप राम बनें हैं क्या लार्जर देन लाइफ किरदार आपकी प्राथमिकता हमेशा रहेंगे?**

बिल्कुल भी नहीं, मैं एक ही किरदार में बंधना नहीं चाहता हूँ, इसलिए मैं कॉमेडी और लव स्टोरी जैसी फिल्में भी बीच बीच में करता रहता हूँ, ताकि खुद को एक ही इमेज में ना रखूं. साहो और राधेश्याम इसका उदाहरण हैं. मैंने अपनी फीस भी कम कर दी है कि डायरेक्टर यह न सोचें कि मैं बाहुबली के बाद ऐसी फिल्में नहीं करूँगा. साहो में, राधे श्याम में सबमें मैंने कम फीस ली है.

**-आपकी जिस तरह की पॉपुलैरिटी है उसमें आप विज्ञापन फिल्मों से किस तरह से दूरी बना पाते हैं?**

विज्ञापन फिल्मों को लेकर मेरी अधिक दिलचस्पी नहीं रही है. मुझे बहुत ज्यादा एक्सपोज करना खुद को पसंद नहीं है, इसलिए मैं बहुत ज्यादा विज्ञापन फिल्में नहीं कर सकता हूँ. मैंने अब तक केवल एक ही विज्ञापन फ़िल्म की है. एक्टिंग करने के बाद, मैं अपनी दुनिया में रहना चाहता हूँ.

**-आप बाहुबली के बाद एक ग्लोबल आइकॉन बन गए तो आप अब स्टारडम को अपने किस तरह से देखते हैं??**

सच कहूं तो, जब बाहुबली हिट हुई, और अचानक से लोकप्रियता का अनुपात 1000 गुना हो गया था. मेरे लिए इसको पचा पाना काफी कठिन था. मुझे यह सबकुछ समझने में काफी टाइम लगा यह समझने में. मैं बस यह कहना चाहता हूं कि बाहुबली को होना था, वह हो गया. मैं और राजामौली ने एक दूसरे पर विश्वास किया और काम होता गया. उन्होंने मुझसे जितना समय मांगा मैने दिया. वह एक घंटे का समय देते थे, और मान लीजिए मैं गोवा में हूं तो मैं भाग कर जाता था और शूट शुरू कर देता था.

**-ओटीटी पर आने की कोई प्लानिंग है?**

नहीं अभी तो मैं कुछ नहीं कह सकता, फिलहाल मेरी सारी फिल्में बड़े परदे पर ही आएँगी और मैं बहुत ज्यादा अभी ओटीटी की तरफ रुझान में नहीं हूँ. अभी आगे का पता नहीं. लेकिन हाँ मैं ये बात जरूर कहूंगा कि कोविड में इंडस्ट्री को ओटीटी की वजह से काफी मदद की है.

**-बाहुबली के बाद से ही आपकी शादी का सवाल लगातार सवालों में बना हुआ है?**

जहां तक बात शादी की है, तो मुझे भी लगता है कि हाई टाइम है, मुझे शादी कर लेनी चाहिए. मैं लव मैरिज करना चाहूंगा.